डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

Join Telegram Channel Search @rojgaraurnirman

राशन दुकानों का संचालन अब महिला स्व-सहायता समूहों को मिलेगा

आजीविका मिशन 'सौ फीसदी शुद्ध' के आधार पर करें उत्पादों की ब्रांडिंग

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान महिला स्व-सहायता समूह के उन्मुखीकरण और संवाद कार्यक्रम में महिलाओं का सम्मान करते हुये।

भोपाल, स्व-सहायता समूह से जुड़ी प्रत्येक महिला की आय में 10 हजार रुपये प्रतिमाह की बढ़ोत्तरी हो। आप मेहनत और प्रमाणिकता के साथ अपना काम करें, आगे बढ़ें सरकार हर कदम पर आपके साथ है। महिला स्व-सहायता समूहों को सुदृढ़ करने के लिए इस वर्ष 2550 करोड़ रुपये बैंक ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है। राशन की दुकानें संचालित करने की जिम्मेदारी भी अब स्व-सहायता समूहों को दी जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में राज्य स्तरीय महिला स्व-सहायता समूह के उन्मुखीकरण एवं संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि स्व-सहायता समूहों के आय स्तर में वृद्धि के लिए श्रेष्ठ काम करने वाले क्लस्टर लेवल फेडरेशन को एक करोड़ रुपये का इनाम दिया जाएगा। भोपाल स्थित भोपाल हाट में समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए आजीविका मार्ट की स्थापना की जाएगी। व्यापार बढ़ाने के लिए ऑनलाइन कॉमर्स पोर्टल के साथ भी लिंकेज किया जाएगा।

राज्य सरकार देगी
1050 करोड़ रुपये की सहायता

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व-सहायता समूहों को विभिन्न गतिविधियों के लिए राज्य सरकार की ओर से 1050 करोड़ रुपये की सहायता दी जाएगी। बैंक ऋण पर स्व-सहायता समूहों को 4 प्रतिशत ब्याज ही देना होगा। शेष ब्याज राज्य सरकार की ओर से भरा जाएगा।

प्रदेश में शुरू हो चुके हैं
37 आजीविका मार्ट

श्री चौहान ने कहा कि स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। बैठकों तथा गतिविधियों के संचालन के लिए विभिन्न जिलों में लगभग 6 हजार से अधिक शासकीय भवन आवंटित हो चुके हैं। चार हजार से अधिक ग्राम संगठनों और 416 संकुल स्तरीय संगठनों को कार्यालय भवन, 132 आजीविका आउटलेट के लिए भवन आवंटित किए जा चुके हैं। बहनों द्वारा बनाए गए उत्पाद सही और सम्मानजनक रूप से मार्केट में बेचने के लिए प्रदेश में 37 आजीविका रूरल मार्ट शुरू हो चुके हैं।

महिलाओं का सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक, राजनैतिक सशक्तिकरण

श्री चौहान ने कहा कि महिलाओं के प्रति मान-सम्मान और समानता का व्यवहार आवश्यक है। मैं मुख्यमंत्री के रूप में इस भाव से कार्य कर रहा हूं कि कैसे अपनी माता-बहनों, बेटियों की प्रगति, कल्याण और उन्हें सशक्त बनाने के रास्ते को सरल बना सकूं। महिलाओं का सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक, राजनैतिक सशक्तिकरण आवश्यक है। इसी उद्देश्य से राज्य के सभी नगरीय निकायों और पंचायतों के चुनावों में 50 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं।

साथी बाजार से सारे
विश्व में होगी मार्केटिंग

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेंद्र सिंह सिसौदिया ने कहा कि मुख्यमंत्री का स्व-सहायता समूह को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त करने का सपना आरंभ से ही रहा है। वे प्रदेश के विकास पुरुष हैं। उनके प्रयासों से प्रदेश में 3 लाख 33 हजार स्व-सहायता समूह गठित हुए हैं। इनमें 37 लाख से अधिक परिवार जुड़े हैं। स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की रिटेल मार्केटिंग के लिए बड़ी कंपनियों से बातचीत जारी है। 'साथी बाजार' से समूह द्वारा बनाई गई वस्तुओं की मार्केटिंग पूरे विश्व में होगी।

मध्यप्रदेश को मिली विकास की एक नई दिशा - श्री नितिन गडकरी

इन्दौर, एक समय मध्यप्रदेश बीमारु राज्यों की गिनती में आता था, लेकिन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के विकास को एक नई दिशा मिली है। मेरा मानना है कि किसी भी राज्य का समग्र विकास तभी संभव है जब उसकी अधोसंरचना मजबूत हो। मध्यप्रदेश को मजबूती प्रदान करने के लिए 9 हजार 577 करोड़ रुपये की लागत से कुल 1356 किलोमीटर लंबी 34 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। ये बातें केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने इन्दौर में आयोजित लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री नितिन गडकरी ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मध्यप्रदेश में डेढ़ लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू कर दी हैं और उन्होंने वादा किया कि वह अगले माह फिर मध्यप्रदेश आएंगे और एक लाख करोड़ की नवीन परियोजनाओं की सौगातें देंगे।

नर्मदा प्रगति पथ देगा प्रदेश के उद्योगों को नई गति – मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश को विकास की बड़ी सौगातें प्राप्त हो रही हैं। श्री चौहान ने कहा कि राज्य शासन द्वारा प्रदेश में अमरकंटक से अलीराजपुर तक लगभग 1000 किलोमीटर के नए नर्मदा एक्सप्रेस-वे का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस परियोजना को इंटिग्रेटेड एक्सप्रेस-वे के रूप में स्वीकृति दी जाने हेतु राज्य शासन शीघ्र ही भारत शासन को प्रस्ताव भेजने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस एक्सप्रेस-वे को नर्मदा प्रगति पथ का नाम दिया जाये और राज्य शासन इसके आसपास इंडस्ट्रियल क्लस्टर विकसित करेगा।

मध्यप्रदेश को मिली सौगातें

- भारतमाला योजना के तहत प्रदेश में शुरू की जाएंगी 35 हजार करोड़ रुपये लागत की नई परियोजनाएं।
- इन्दौर-जबलपुर-भोपाल-ग्वालियर में ब्रॉडगेज मेट्रो की निःशुल्क कंसलटेंसी प्रदान की जायेगी।
- इन्दौर के बायपास की सर्विस रोड के सुदृढ़ीकरण कार्य को दी मंजूरी।

कर्तव्य पथ पर अविचल कर्मयोगी हैं मोदी जी

- शिवराज सिंह चौहान

श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है। एक ऐसा भारत जो आधुनिकता के साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करता हो, एक ऐसा भारत जो आत्मनिर्भर बनने को संकल्पित है, जनसंघ के आदर्शों को आज हम जिन कृतिरूप में देख पा रहे, उसमें उनके अथक परिश्रमों का योगदान अप्रतिम है। मुझे मोदी जी के नेतृत्व के कई आयामों को नजदीक से अनुभव करने का अवसर मिला। एकता यात्रा हो, गुजरात का महाविनाशक भूकम्प हो, गुजरात का सर्वांगीण विकास हो या फिर अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने के लिये आवश्यक कठोर प्रशासक के रूप में मोदी जी ने प्रत्येक दायित्व को निष्ठा से निभाया है।

मोदी जी के प्रधानमंत्री रहते हुए, भारत पुनः समृद्धशाली, शक्तिशाली, वैभवशाली, सम्पन्न और सशक्त होने के गौरव को प्राप्त कर रहा है। उनके नेतृत्व के सात वर्ष हमारे इतिहास के स्वर्णिम वर्षों में से एक हैं, राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति जीरो टॉलरेंस के कारण, विश्व मंच पर आतंकी फंडिंग पर कार्यवाही और भारतीय सेना के सशक्तिकरण के परिणामस्वरूप सीमा पर आतंक के खात्मे साफ नजर आ रहे हैं। राष्ट्र की अखण्डता, सम्प्रभुता और हितों की रक्षा की प्रतिबद्धता उनके नेतृत्व में स्थापित हुई है, सीमा सुरक्षा के लिये सामरिक महत्व के प्रोजेक्ट को पूरा करने की प्रतिबद्धता तथा प्राथमिकता अप्रतिम उदाहरण है। लद्दाख एवं जम्मू-कश्मीर को भारत की मुख्यधारा से जोड़ने के लिये धारा 370 तथा 35ए को खत्म करना हो या फिर रक्षा क्षेत्र में शक्तिमान भारत और आत्मनिर्भर भारत से रक्षा उत्पादन क्षेत्र में रिफॉर्म वर्षों की जंग खायी व्यवस्थाओं पर आघात करते हैं। डोकलाम विवाद हो या राष्ट्रहितों के लिए की गई 'सर्जिकल स्ट्राइक' हो, उनके नेतृत्व का दर्शन कराती है।

'विकास के प्रकाश' को सम्पूर्ण भारत में पहुंचाने के यज्ञ में, मध्यप्रदेश भी कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। आत्मनिर्भर भारत मिशन के अनुरूप मध्यप्रदेश का रोडमैप तैयार किया गया है, हम मध्यप्रदेश में 'मेक इन इंडिया' तथा 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं। उनके सर्व समावेशी विकास में गरीब, किसान, महिलाओं तथा पिछड़े वर्गों के आर्थिक उन्नयन के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उनके द्वारा क्रियान्वित हर योजना को शब्द एवं आत्मा से मध्यप्रदेश भी पूरा करने में जुटा है, विशेषकर पीएम आवास, उज्ज्वला, महिला स्व-सहायता, फसल बीमा योजना, कौशल विकास जैसी अति महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में हम पूरे प्रयास कर रहे हैं। उनके भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस व 'ना खाऊंगा न खाने दूंगा' जैसे प्रयासों का हमें भी लाभ मिला है। जेम, जन-धन, आधार तथा मोबाइल की त्रिवेणी में आज मध्यप्रदेश के करोड़ों लोगों तक बिना बाधा के सहायता पहुंच रही है। मध्यप्रदेश को देश के चारों कोनों से जोड़ने के लिये बनाये जा रहे राजमार्गों से अपनी आर्थिक उन्नति के लिए आवश्यक अधोसंरचना विकास का लाभ मिल रहा है। 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के मंत्र के साथ उनके मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश भी आगे बढ़ रहा है। आपकी नेतृत्व कुशलता को पूरे विश्व ने स्वीकार किया है, आपके बिना अब विश्व मंच अधूरा होता है, कोरोना महामारी जैसी वैश्विक आपदा में आपने भारत ही नहीं, भारत की तरफ सहयोग की अपेक्षा रखने वाले प्रत्येक राष्ट्र का सहोदर भाव से सहयोग किया है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत अब विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, हम आपके 'मिनिमम गवर्नमेंट, मेक्सीमम गवर्नेंस' के आदर्शों पर चलकर 'सुशासन तथा स्वराज' को मूर्तरूप से क्रियान्वित करने कटिबद्ध हैं।

मैं अक्सर कहता हूं कि वे 'मेन ऑफ आइडियाज' हैं, परन्तु उन 'आयडियाज' के अंकुरों को उन्होंने क्रियारूप में वटवृक्ष में बदल दिया है, हर मंच पर चाहे वो खेल हो, आर्थिक आवश्यकता हो, आपके 'आयडियाज' अंधकार में सूर्य के प्रकाश का कार्य करते हैं। 'नयी शिक्षा नीति 2020' के माध्यम से जो आपने 'स्किल इंडिया' के माध्यम से भारत ही नहीं विश्व में उभरने वाली कौशलवान युवाओं की कमी को, भारत के युवाओं के द्वारा समाप्त करने का कार्य प्रशस्त किया है, उसमें मध्यप्रदेश भी अपने युवाओं को इस यज्ञ से जोड़ेगा।

देश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी जी के नेतृत्व में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। हम सभी कृत संकल्पित और गौरवान्वित हैं कि पूरे वर्ष भर देश की आजादी के लिये मर मिटने वालों की याद में कार्यक्रम आयोजित होंगे, जो देश की युवा पीढ़ी को क्रांतिवीरों के साहस, बलिदान, त्याग और समर्पण से परिचित कराएंगे। मध्यप्रदेश भी आजादी के रणबांकुरों की समाधि स्थलों पर वर्ष भर कार्यक्रम आयोजित करेगा।

हम भाग्यशाली हैं कि देदीप्यमान नेतृत्व हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, प्रधानसेवक के रूप में देश को समृद्धशाली, वैभवशाली, संपन्नशाली, बनाने के लिये हर क्षण प्रयत्नशील हैं। वे एक विजनरी लीडर हैं, वे मैन ऑफ आइडियाज हैं। मोदी जी के आदर्श, सिद्धांत, राजनैतिक मूल्य और जीवन का पल-पल देश के सर्वांगीण विकास को समर्पित हैं। उनके नेतृत्व में भारत में नया सवेरा दिखाई दे रहा है, उनकी संकल्पना भारत को आत्मनिर्भरता की ओर ले जा रही है। सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के मंत्र को साकार कर, सबके प्रयासों से अतुल्य भारत के निर्माण को प्रतिबद्ध हैं। **मैं प्रधानमंत्री श्रीमान नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस (17 सितम्बर) की मंगलमयी शुभकामनाओं के साथ भारत के बढ़ते वैभव को गतिमान रखने, उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा शुभ संकल्पों को पूर्ण करने की ईश्वर से प्रार्थना करता हूं।**

(ब्लॉगर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)

11 सितम्बर

कोविन पोर्टल ने लॉन्च किया नया एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस

● कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये किये जा रहे टीकाकरण की जानकारी के लिये बनाये गये पोर्टल कोविन में एक नया एपीआई (एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) नो योर कस्टमर/क्लाइंट वैक्सीनेशन स्टेटस लॉन्च किया है। इस एपीआई के जरिये किसी भी व्यक्ति का वैक्सीनेशन स्टेटस तुरंत चैक किया जा सकता है। इस एपीआई की मदद से कोई भी कंपनी अपने कर्मचारियों का वैक्सीनेशन स्टेटस चैक कर सकती है। इस एपीआई का इस्तेमाल रेलवे, एयरलाइन्स और होटल में भी किया जा सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि यदि कोई कंपनी वैक्सीन सर्टिफिकेट की जगह यह देखना चाहे कि उसके कर्मचारी या ग्राहक का वैक्सीनेशन हुआ या नहीं अथवा कितने डोज लगे हैं, इसके लिये यह एपीआई कारगर रहेगा।

● भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने को लेकर बातचीत हुई। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री पीटर डटन ने दोनों देशों के बीच रक्षा प्रौद्योगिकी में आपसी सहयोग बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। वार्ता के बाद श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों देशों के बीच सैनिक संपर्क के विस्तार, रक्षा सूचना साझा करने पर विचार हुआ। उन्होंने बताया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया विस्तृत रणनीतिक भागीदारी में अधिक सहयोग की ओर कदम बढ़ाने के इच्छुक हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री डटन ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया की हिंद-प्रशांत रणनीति के लिये भारत का नेतृत्व जरूरी है। उल्लेखनीय है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग के लिये बने चार देशों के गठबंधन (क्वाड) के सदस्य हैं।

12 सितम्बर

सीबीएसई ने विद्यार्थियों के लिये शुरू की शैक्षिक सीरीज एकलव्य

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गांधीनगर के सहयोग से एक शैक्षिक सीरीज शुरू की है। इस सीरीज का नाम एकलव्य रखा गया है। सीबीएसई ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा में सकारात्मक परिवर्तन और विद्यार्थियों की रचनात्मक, वैचारिक समझ और सीखने का तरीका सरल बनाने के लिये यह सीरीज शुरू की है। एकलव्य एक इंटरैक्टिव ऑनलाइन शैक्षिक सीरीज है। जिसमें कई व्यवहारिक गतिविधियां और परियोजनाएं शामिल हैं, जो विद्यार्थियों को विषयों के सभी पहलुओं को सरल अंदाज में समझायेंगे। एकलव्य सीरीज में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विज्ञान और गणित के विद्यार्थियों के लिये मॉडल आधारित शिक्षण करेगी।

● भारत में ड्रोन के माध्यम से दवाओं की आपूर्ति को आसान बनाने के लिये मेडिसन फ्रॉम द स्काई योजना लागू की गई है। इस योजना का शुभारंभ केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने तेलंगाना में किया। इस योजना को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में तेलंगाना के 16 ग्रीन जोन में लागू किया गया है। इस अवसर पर श्री सिंधिया ने कहा कि ड्रोन का भविष्य एयर टैक्सी और स्काई टैक्सी है। आने वाले समय में भारत दुनिया का ड्रोन कैपिटल बनेगा। उन्होंने कहा कि मेडिसन फ्रॉम द स्काई योजना के तहत ड्रोन के जरिये सुदूर इलाकों में टीके एवं दवाइयां पहुंचाई जायेंगी।

13 सितम्बर

यूएएन को आधार नंबर से लिंक कराने की समय सीमा में हुई वृद्धि

● कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने ईपीएफ खाताधारकों को बड़ी राहत दी है। ईपीएफओ ने नॉर्थ-ईस्ट प्रतिष्ठानों और कुछ श्रेणियों के प्रतिष्ठानों के लिये यूनिवर्सल एकाउंट नंबर (यूएन) को आधार नंबर से लिंक कराने की समय सीमा में वृद्धि करते हुये इसे 31 दिसम्बर 2021 तक बढ़ा दिया है। पहले यह समय सीमा एक सितम्बर 2021 थी। ईपीएफओ ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा संहिता की धारा 142 के तहत भविष्य निधि खाते को आधार नंबर से लिंक कराना अनिवार्य है। आधार से यूएएन लिंक नहीं होगा, तो नियोक्ता कर्मचारी के खाते में पीएफ योगदान जमा नहीं कर पायेगा और ईपीएफ फंड से निकासी भी नहीं हो सकेगी।

● कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना को बढ़ा दिया है। अब यह योजना 30 जून 2022 तक चलेगी। इस योजना के तहत किसी कारण से नौकरी छूटने पर लोगों को बेरोजगारी भत्ता दिया जाता है। इस योजना के तहत बीमित व्यक्तियों को तीन महीने के लिये कुल वेतन का 50 प्रतिशत बेरोजगारी भत्ता दिया जाता है। केंद्रीय श्रम एवं रोज़गार मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की 185वीं बैठक में अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना की समय सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

14 सितम्बर

मिशन गगनयान में सहयोग करेगा ऑस्ट्रेलिया

● भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष अभियान गगनयान में ऑस्ट्रेलिया भी भारत का सहयोग करेगा। यह जानकारी ऑस्ट्रेलिया की अंतरिक्ष एजेंसी के उप प्रमुख एंथनी मर्फेट ने भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष सम्मेलन में दी। मर्फेट ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया कोकोस कीलिंग द्वीप के जरिये भारत के गगनयान मिशन को ट्रैक करने में सहयोग करेगा। उन्होंने बताया कि दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियों ने अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिये समझौता ज्ञापन आगे बढ़ाया है। इस समझौते के तहत कोकोस कीलिंग द्वीप से गगनयान की ट्रैकिंग हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख के. सिवन ने इस वर्ष की शुरुआत में बताया था कि इसरो ऑस्ट्रेलिया की अंतरिक्ष एजेंसी के साथ मिशन गगनयान के लिये कोकोस द्वीप में एक ग्राउंड स्टेशन बनाने के लिये बातचीत कर रहा है।

● अमेरिका में रोज़गार से जुड़े ग्रीन कार्ड पाने का इंतजार कर रहे पेशेवर लोगों को बड़ी राहत मिली है। अमेरिकी संसद की एक समिति ने एक प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव के तहत विभिन्न पेशेवर अब अतिरिक्त शुल्क चुकाकर ग्रीन कार्ड हासिल कर सकते हैं। प्रस्ताव के अनुसार कुछ हजार डॉलर अतिरिक्त शुल्क देकर दो वर्ष के लिये ग्रीन कार्ड हासिल किया जा सकता है। यह व्यवस्था दक्ष कामकाजी लोगों के लिये लागू होगी। वहीं पारिवारिक कारणों से ग्रीन कार्ड प्राप्त करने के लिये 2500 डॉलर अतिरिक्त शुल्क चुकाना होगा। इस प्रस्ताव को कानून में बदलने के लिये प्रतिनिधि सभा और सीनेट की स्वीकृति मिलना जरूरी है। इसके बाद राष्ट्रपति जो बाइडेन इस पर हस्ताक्षर करेंगे।

15 सितम्बर

अमेरिका ने 500 से ज्यादा चीनी छात्रों का वीजा निरस्त किया

● चीन के साथ जारी तनातनी के बीच अमेरिका ने चीन के छात्रों के वीजा निरस्त कर दिये हैं। चीन की सरकार ने इस संबंध में दावा किया है कि अमेरिका ने 500 से ज्यादा छात्रों का वीजा निरस्त किया है। चीनी सरकार के अनुसार ये वीजा इसलिये निरस्त किये गये हैं, ताकि चीनी छात्र अमेरिकी तकनीकी का इस्तेमाल सैन्य रणनीति के लिये नहीं कर सकें। चीन ने कहा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी छात्रों को रोकने के लिये यह नीति लागू की थी। उल्लेखनीय है कि व्यापार, प्रौद्योगिकी, कोरोना वायरस की उत्पत्ति, मानवाधिकार और दक्षिण चीन सागर को लेकर अमेरिका और चीन के बीच काफी समय से तनावपूर्ण संबंध चल रहे हैं।

● भारत में रूस के राजदूत एन. कुदाशेव ने भारत सरकार से भारत में बनी स्पूतनिक लाइट वैक्सीन के निर्यात की इजाजत देने का आग्रह किया है। वहीं स्पूतनिक लाइट वैक्सीन बनाने वाली कंपनी हेटेरो ने ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) से वैक्सीन को भारत से बाहर भेजने की अनुमति मांगी है। भारतीय दवा कंपनी हेटेरो बायोफार्मा लिमिटेड और रशियन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड के बीच स्पूतनिक लाइट के संबंध में समझौता हुआ है।

16 सितम्बर

वर्ष 2023 की शुरुआत तक लॉन्च हो सकता है गगनयान

● भारत के अंतरिक्ष अभियान गगनयान को वर्ष 2022 के अंत या 2023 की शुरुआत में लॉन्च किया जा सकता है। यह जानकारी केंद्रीय अंतरिक्ष विभाग राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि मिशन गगनयान को मूल रूप से वर्ष 2022 के अंत तक अंतरिक्ष भेजे जाने का कार्यक्रम था, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसमें देरी हुई है। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने फ्यूचर ऑफ इंडिया-ओसियाना स्पेस टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप पर आयोजित एक कार्यशाला में कहा कि वर्ष 2023 की शुरुआत में मिशन गगनयान लॉन्च हो सकता है। उन्होंने बताया कि इस मिशन का लक्ष्य पृथ्वी की निचली कक्षा में मानव युक्त अभियान शुरू करना है। यह मिशन आपदा प्रबंधन में भी मददगार होगा। मिशन गगनयान के तहत इसरो चार अंतरिक्ष यात्रियों को भेजेगा।

● द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने उन विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी है, जिन्होंने कोरोना महामारी के दौरान अपने माता-पिता को खोया है। आईसीएआई ने इस संबंध में एक नोटिस जारी करते हुये कहा कि इस योजना के तहत इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी), ओरिएंटेशन कोर्स (ओसी) वाले आईसीआई टीएसस कोर्स, एडवांस इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी वाले एआईसीटीएसएस सहित सभी लेवल के चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) कोर्स के लिये रजिस्ट्रेशन फीस माफ की जायेगी। यह व्यवस्था एक अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2023 तक जारी रहेगी।

● भारत के रक्षा विभागों के प्रमुख (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) जनरल बिपिन रावत ने कहा कि भारत रॉकेट फोर्स बनाने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की वायु शक्ति को मजबूत करने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पर चाहे प्रत्यक्ष आक्रामकता हो या तकनीक के जरिये की जा रही आक्रामकता हो, हमें हर स्थिति के लिये तैयार रहना होगा।

17 सितम्बर

उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइलों का ट्रेन से किया परीक्षण

● उत्तर कोरिया ने पहली बार एक ट्रेन से बैलिस्टिक मिसाइलों का सफल प्रक्षेपण किया है। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि जिन दो बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया है, उन्हें ट्रेन को लॉन्च पैड बनाकर दागा गया है। उत्तर कोरिया ने कहा कि उसके देश में ट्रेनों का नेटवर्क काफी मजबूत है। इन मिसाइलों को देश में कहीं भी ले जाने और ट्रेन से दागने की तकनीक से उनकी मारक क्षमता बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि उत्तर कोरिया के इस परीक्षण के बाद कोरिया प्रायद्वीप में हथियारों की होड़ तेज हो गई है। उत्तर कोरिया की तरह दक्षिण कोरिया ने भी पनडुब्बी से पानी के अंदर मिसाइल का सफल परीक्षण किया है।

● केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि अगले तीन वर्षों में देश में ड्रोन मेन्युफैक्चरिंग सेक्टर में पांच हजार करोड़ रुपये का निवेश आयेगा। उन्होंने कहा कि अभी देश में ड्रोन मेन्युफैक्चरिंग का मौजूदा कारोबार लगभग 80 करोड़ रुपये है, सरकार इसे तेजी से बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रही है। अगले तीन वर्षों में इस सेक्टर में 10 हजार नई नौकरियां सृजित होंगी। श्री सिंधिया ने कहा कि हमारा लक्ष्य वर्ष 2030 तक भारत को ड्रोन मेन्युफैक्चरिंग का हब बनाना है। ड्रोन सेक्टर के लिये सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव (पीएलआई) योजना बनाई है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

शिक्षा प्रसारक समिति सेंधवा द्वारा संचालित

स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय, सेंधवा

जोगवाड़ा रोड़, सेंधवा, जिला–बड़वानी (म.प्र.)

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् नई दिल्ली एवं म.प्र.उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर से सम्बद्धता प्राप्त

आवश्यकता

परिनियम 28 कॉलेज कोड के अन्तर्गत नियुक्ति

क्रं.	पद	पदों की संख्या
1	प्राचार्य	01
2	शिक्षा के परिप्रेक्ष्य मे (सहायक प्राध्यापक)	04
3	शिक्षण विषय गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा भाषा (सहायक प्राध्यापक)	08
4	स्वास्थय तथा शारीरिक शिक्षा (सहायक प्राध्यापक)	01
5	ललित कला (सहायक प्राध्यापक)	01
6	निष्पादन कलाऐं (संगीत, नृत्य, रंगमंच) (सहायक प्राध्यापक)	01

नोट : समस्त पदों हेतु योग्यता एन.सी.टी.ई.के मापदण्डों (Norms)के अनुसार होना चाहिए वेतनमान एन.सी.टी.ई.के नियमानुसा, आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशित होने के 8 दिनों के अन्दर समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित उपरोक्त पते अथवा मेल पर भेजें।

E-mail : svsms2006@gmail.com I Phone No. 98262 85060

R-45966/2021

Agrani COURSES POWERED BY KSG

" UPSC में 2000 से अधिक सिलेक्शन देने के बाद SSC, BANKING, RAILWAY, INSURANCE और VYAPAM को समर्पित KSG का प्रतिबद्ध संस्थान "

एक सम्पूर्ण समाधान, जो आपको रखे SSC, BANKING, RAILWAY, INSURANCE और VYAPAM कि परीक्षाओं में अग्रणी!

COURSES WE OFFER

- SSC
- Banking
- Railway
- MP (SI)
- Constable
- Patwari
- Labour Inspector
- All One Day Exams

माध्यम हिंदी एवं अंग्रेजी

FREE DEMO CLASSES

NEW BATCH STARTS FROM 28th SEPTEMBER

संपर्क करे 0755 4281 148 | 834 9181 148

131/13 Zone II, M. P. Nagar, Bhopal

Shreeram

R-45965/2021

वर्ष 38, अंक 38 20.09.2021 से 26.09.2021

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (रु. पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-

रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

महिला स्व-सहायता समूह की दीदियों से मुख्यमंत्री का संवाद

महिला स्व-सहायता समूह द्वारा तैयार किये गये उत्पादों का देश-विदेश में विक्रय कराया जायेगा। महिला सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार अनेक योजनायें संचालित कर सहयोग कर रही है। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री अलीराजपुर जिले के जोबट में महिला सशक्तिकरण कार्यशाला और विकास कार्यों के भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कार्यशाला में शामिल दीदियों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 70 करोड़ 30 लाख रुपये के 135 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इसमें 29 करोड़ 60 लाख रुपये के 83 विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं 40 करोड़ 69 लाख रुपये के 52 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जोबट में नीट और जेईई परीक्षा के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी, जिससे स्थानीय बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। इस संबंध में जिला प्रशासन को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण कार्यशाला में स्व-सहायता समूह की महिलाओं से संवाद भी किया। इस दौरान इन्होंने सुश्री गनबाई मौर्य, सुश्री ममताबाई, सुश्री रेलम बघेल और सुश्री शारदा चौहान से संवाद कर जाना कि उन्होंने किस प्रकार आजीविका मिशन के माध्यम से अपने एवं अपने समूह के विकास की गाथा लिखी है। मुख्यमंत्री ने इन सफल उद्यमी महिलाओं को विश्वास दिलाया कि बायरा ब्रांड के उत्पाद को राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जायेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बायरा ब्रांड बुक का विमोचन भी किया और इसकी हिंदी प्रतियां भी बनाने के निर्देश दिये, जिससे स्थानीय स्तर पर अन्य महिलायें भी इसे पढ़कर अपने विकास की गाथा लिख सकें। उन्होंने उपस्थित महिला समूहों से भी आह्वान किया कि वे भी आजीविका मिशन से जुड़कर अपना एवं क्षेत्र का विकास करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार विकास के कार्यों में विश्वास करती है, इसलिये गांव-गांव सड़कों का जाल बिछाकर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। अब गांव में भी पर्याप्त बिजली उपलब्ध हो रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों को भी पक्की छत उपलब्ध करवा रही है। इस योजना में छूटे पात्र व्यक्तियों को भी सर्वे कर आवास प्लस की सूची में सम्मिलित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जो लोग राशन की पात्रता पर्ची से वंचित हैं, उन्हें भी पात्रता पर्ची बनाकर दी जायेगी, जिससे उन्हें पात्रतानुसार राशन दुकान से एक रुपये किलो गेहूं, चावल और नमक मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों के राशन में जो गड़बड़ी करेगा उसे छोड़ा नहीं जायेगा। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि पूर्ण पारदर्शिता से गरीबों को उचित मूल्य की दुकान से राशन मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कोरोना पूरी तरह से नियंत्रण में है, फिर भी सावधानी रखना अत्यंत जरूरी है। इसके लिये सभी लोगों को वैक्सीनेशन करवाना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने सभी वर्गों से आह्वान किया कि वैक्सीनेशन के दौरान लोगों को प्रोत्साहित कर टीकाकरण केंद्रों तक भेजें, जिससे संपूर्ण प्रदेश के शत्-प्रतिशत लोगों का वैक्सीनेशन हो सके।

खास बैक्टीरिया उम्र बढ़ाने में मददगार

व्यक्ति की चाहत होती है कि उसे लंबी उम्र मिले। हमारे देश में तो यह परंपरा है कि बड़े-बुजुर्ग अपने से छोटी उम्र के लोगों को लंबी उम्र का आशीर्वाद देते हैं। लंबी उम्र के संबंध में जापान में हुये एक अध्ययन में खुलासा हुआ है कि सौ साल तक जीने वाले बुजुर्गों की आंतों में एक खास तरह का अच्छा बैक्टीरिया पाया जाता है, जो उस उम्र में उनका खास ख्याल रखता है। यह बुजुर्गों को कई तरह के संक्रमणों से बचाता है। इस अध्ययन के मुताबिक ये बैक्टीरिया सेकेंडरी बारल अम्ल छोड़ते हैं, जो सेहतमंद तरीके से उम्र को बढ़ाने में मदद करता है। टोक्यो के कीयो यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में माइक्रो बॉयलाजी एंड इम्युनोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर केन्या होंडा ने जानकारी दी है कि इस बैक्टीरिया से लोगों को सेहतमंद रहने में मदद मिलती है। यह बैक्टीरिया सिर्फ उन्हीं लोगों में मिलता है, जो 100 या उससे ज्यादा उम्र तक जीते हैं। शोध में बताया गया है कि अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि इस बैक्टीरिया की वजह से उन्हें लंबी उम्र मिलती है, लेकिन यह बात तय है कि वे अपनी बुजुर्गियत में सेहतमंद रहते हैं। डॉ. होंडा ने कहा है कि यह बात तो प्रमाणित हुई है कि इस अच्छे बैक्टीरिया की वजह से लंबी उम्र के दौरान इंसान स्वस्थ रहता है, लेकिन इससे लंबी उम्र मिलने के डेटा नहीं मिलते हैं। आंतों में रहने वाले बैक्टीरिया और माइक्रो आर्गेनिज्म को गट माइक्रो बायोम कहते हैं। यह उम्र के हिसाब से हमारी सेहत को सही रखने में मदद करते हैं। अध्ययन में यह बात सामने आई है। 100 वर्ष या उससे ज्यादा जीने वाले लोगों की आंतों में ऐसे अच्छे बैक्टीरिया होते हैं, जो आपकी सेहत को सही रखते हैं। इसलिये बुजुर्गों में क्रोनिक बीमारियां या संक्रमण कम देखने को मिलता है। दिलचस्प बात यह है कि ये बैक्टीरिया शरीर को बीमार करने वाले वायरस को हजम कर जाते हैं।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस | 16 सितंबर

ओजोन के संरक्षण में छिपी हमारी समृद्धता

ओजोन सिर्फ हमारे वायुमंडल में मौजूद कोई गैस नहीं है, बल्कि यह मानव और पृथ्वी पर मौजूद हर जीव के संरक्षण के लिए आवश्यक है। ओजोन ऑक्सीजन के तीन परमाणुओं से मिलकर बनने वाली एक गैस है जो कि वातावरण में बहुत कम मात्रा में पाई जाती है। जहां निचले वातावरण में पृथ्वी के निकट इसकी उपस्थिति प्रदूषण को बढ़ाने वाली और मानव कोशिका के लिए नुकसानदेह है, वहीं ऊपरी वायुमंडल में इसकी उपस्थिति बहुत आवश्यक है। इसकी सघनता 10 लाख में 10वां हिस्सा है। यह गैस प्राकृतिक रूप से बनती है। जब सूर्य की किरणें वायुमंडल की ऊपरी सतह पर ऑक्सीजन से टकराती हैं तो उच्च ऊर्जा विकिरण से इसका कुछ हिस्सा ओजोन में परिवर्तित हो जाता है। साथ ही विद्युत विकास क्रिया, बादल, आकाशीय विद्युत एवं मोटरों के विद्युत स्पार्क से भी ऑक्सीजन ओजोन में बदल जाती है। पृथ्वी के धरातल से 20-30 किलोमीटर की ऊंचाई पर वायुमण्डल के समताप मंडल क्षेत्र में ओजोन गैस का एक झीना-सा आवरण है, जिसे ओजोन परत कहते हैं। यह ओजोन परत हानिकारक पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है। सूरज की पराबैंगनी किरण से त्वचा का कैंसर, मोतियाबिंद और पौधों को नुकसान पहुंचाती है। ऐसे में यह ओजोन परत पर्यावरण की रक्षक की भूमिका निभाती है।

विश्व ओजोन दिवस को मनाने का इतिहास

पर्यावरण का मानव सभ्यता से ही नहीं, बल्कि पृथ्वी पर विचरण कर रहे समस्त जीव-जंतु से गहरा नाता है। इसमें आने वाले बदलाव का असर पूरी पृथ्वी पर दिखाई देता है। यही कारण है कि दुनियाभर में पर्यावरण और उससे संबद्ध क्षेत्रों को बचाने और उसके संरक्षण पर लगातार जोर दिया जा रहा है। ओजोन की परत की खोज 1913 में फ्रांस के भौतिकविदों फैबरी चार्ल्स और हेनरी बुसोन ने की थी। ओजोन हमारी सभ्यता के विकास में अहम् कारक है, लेकिन औद्योगीकरण के नाम पर मनुष्य ने जिस तरह से पर्यावरण के साथ खिलवाड़ किया है, उसका नकारात्मक प्रभाव ओजोन पर भी पड़ा है। वैज्ञानिकों को सन् 1970 के दौरान ओजोन आवरण के पतले होने के प्रमाण मिले थे। इस पर चिंता व्यक्त करते हुए सन् 1985 में संपूर्ण विश्व ने विएना में इस समस्या से निपटने के लिए प्रयत्न करने आरंभ किए। इस ऐतिहासिक पहल को विएना संधि के नाम से भी जाना जाता है। इसके बाद समूचे विश्व ने इस मुददे पर गंभीरता से प्रयास शुरू किया जिसके फलस्वरूप मॉन्ट्रियल संधि हुई। सन् 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने ओजोन आवरण के संरक्षण के लिए हुई मॉन्ट्रियल संधि की स्मृति में 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की। इस तरह 1995 से निरंतर विश्व ओजोन दिवस मनाया जा रहा है।

वर्ष 2021 की थीम

मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल ने ओजोन परत की रक्षा के लिए एक ग्लोबल समझौते के रूप में जीवन की शुरुआत की, एक ऐसा काम जो इसने अच्छी तरह से किया है, जिससे यह अब तक के सबसे सफल पर्यावरणीय समझौतों में से एक बन गया है। ओजोन को नष्ट करने वाले चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने के लिए एक संयुक्त प्रयास से आशय है कि, आज, ओजोन परत का छेद ठीक हो रहा है, बदले में मानव स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा कर रहा है। लेकिन, जैसा कि इस वर्ष यानी 2021 की थीम Montreal Protocol - Keeping us है। इसकी हम बात करें तो विश्व ओजोन

दिवस बताता है कि क्लाइमेट चेंज की प्रक्रिया को धीमा किया जाए और कूलिंग सेक्टर की एनर्जी को बूस्ट किया जाए, जो फूड सिक्योरिटी में योगदान देता है। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल में किगाली अमेंडमेंट से और भी कई फायदे हैं। इस संशोधन के तहत, राष्ट्रों ने हाइड्रो फ्लोरो कार्बन (एचएफसी) को चरणबद्ध ढंग से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध किया है, जबकि एचएफसी ओजोन परत को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं, ये पावरफुल कूलेंट्स ग्रीनहाउस गैसें हैं। इससे सदी के अंत तक ग्लोबल टेम्परेचर 0.4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की उम्मीद है। किगाली अमेंडमेंट कूलिंग सेक्टर में एनर्जी स्किल सुधारता है। एचएफसी की जगह लेने वाले नए नवाचार कम बिजली का उपयोग करने के लिए एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेटर को फिर से डिजाइन करने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे क्लाइमेट प्रभावों को बढ़ाए बिना आराम से रेफ्रिजरेटर और कोल्ड चेन क्षमता का विस्तार किया जा सकता है। विशेष रूप से विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में एचएफसी की खपत को कम करने और कोल्ड चेन को बेहतर करने की आवश्यकता है, विशेषकर विकासशील देशों में जहां खाना व्यर्थ होता है। मनुष्य के उपयोग के लिए विश्व स्तर पर उत्पादित सभी खाद्य पदार्थों का लगभग एक तिहाई हिस्सा हर साल बर्बाद हो जाता है, जिसका मुख्य कारण कोल्ड स्टोरेज चेन की कमी है। फूड लॉस और वेस्ट में अरबों डॉलर का प्रति वर्ष नुकसान होता है, यह जमीन, पानी और ऊर्जा जैसे कीमती संसाधनों को बर्बाद कर रहा है, बल्कि वैश्विक स्तर पर प्रति वर्ष कुल ग्रीनहाउस गैसों की सिर्फ 8 फीसदी वृद्धि हो रही है।

कोल्ड चेन एफिसिएंट डेवलप करना अधिक क्लाइमेट फ्रेंडली तथा खरीदने और ऑपरेट करने के लिए भी सस्ता है, कोल्ड चेन अधिक प्रभावी और व्यापक रूप से उपलब्ध हो जाएंगे। यह किसानों और फार्मास्युटिकल उत्पादों को प्री-कूलिंग, रेफ्रिजेरेटेड स्टोरेज और रेफ्रिजेरेटेड ट्रांसपोर्ट तक पहुंच प्रदान करेगा, यह सुनिश्चित करेगा कि फूड और वैक्सीन जैसे प्रोडक्ट सुरक्षित और अच्छी स्थिति में लोगों तक पहुंचें। इनके व्यर्थ होने की वजह से होने वाली आर्थिक हानि को रोका जा सके। इस विश्व ओजोन दिवस पर हम संकल्प करें कि हम मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल और इसके किगाली संशोधन ध्यान रखेंगे साथ ही हमारे फूड और वैक्सीन को कूल रखने के व्यापक प्रयास करने होंगे।

सीएफसी ने बढ़ाई थी ओजोन की समस्या

वर्ष 1928 में जनरल मोटर्स के थॉमस मिडग्ले जूनियर ने एक ऐसा केमिकल बनाया जो उस वक्त के लोगों का जीवन आसान बनाने वाला था क्लोरोफ्लोरोकार्बन। बड़े स्तर पर रेफ्रिजरेटर्स में इसका इस्तेमाल सुरक्षित लग रहा था। इससे पहले इस्तेमाल किए जाने वाले अमोनिया, मेथिल क्लोराइड और सल्फर डाईऑक्साइड लीक होने पर जहरीले साबित हो रहे थे। उस वक्त शायद ही किसी को पता था कि अगले 100 साल में CFC पूरी धरती के सुरक्षा कवच में सेंध लगा चुके होंगे, इनके खिलाफ पूरी दुनिया एक होगी। 1970 में जब प्रोफेसर पाल क्रुटजन ने ये संकेत दिया कि उर्वरकों और सुपरसोनिक एयरक्रॉफ्ट से निकलने वाली नाइट्रोजन ऑक्साइड से ओजोन की परत को नुकसान होने की आशंका है तो इसके बारे में वैज्ञानिक चिंतित हुए। 1974 में प्रोफेसर एफ. शेरवुड रॉलेंड और मारियो जे. मोलिना ने यह पता लगाया कि क्लोरो फ्लोरो कार्बन वातावरण में विभाजित होकर क्लोरीन के परमाणु जारी करते हैं और वे ओजोन क्षय का कारण बनते हैं। हेलेन्स के जरिए जारी होने वाले ब्रोमीन परमाणु भी ऐसा ही बुरा प्रभाव डालते हैं। इन तीन वैज्ञानिकों ने अपने महत्वपूर्ण कार्य के लिए 1995 में रसायन विज्ञान में नोबल पुरस्कार प्राप्त किया।

मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल ने लाखों लोगों को कैंसर से बचाया

Montreal Protocol न होता तो आज हालात कैसे होते। इसे यदि एक शब्द में हम कहें तो वह- 'विनाशकारी' है। अगर 1970-1980 की दर से CFC की मात्रा बढ़ती रहती तो आज आर्कटिक में भी छेद होता और अंटार्कटिक में ओजोन का छेद और ज्यादा बड़ा और ज्यादा वक्त के लिए होता और लोग हर जगह पूरे साल अल्ट्राबॉइलेट रेडिएशन (UV Radiation) के आक्रमण को सहन कर रहे होते। मनुष्य में इससे स्किन कैंसर और मोतियाबिंद का इजाफा होता जाता और फसलों को भी ज्यादा नुकसान होता। Montreal Protocol ने हर साल लाखों लोगों को स्किन कैंसर से बचाने में अपनी भूमिका निभाई है। UNEP के मुताबिक आज तक ओजोन को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों के उत्सर्जन को 1990 की तुलना में काफी हद तक खत्म किया जा चुका है। इसकी मदद से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन भी खत्म किया गया है।

ओजोन के संरक्षण की जिम्मेदारी सिर्फ शासन और उद्योग जगत् की नहीं है, बल्कि प्रत्येक मनुष्य के लिए भी यह समझना जरूरी है कि आज हवा में ये ग्रीनहाउस गैसें और ओजोन को नुकसान पहुंचाने वाले तत्व लीक कैसे हो रहे हैं। आजकल घरों में फ्रिज, एयर कंडीशनर होना सामान्य है। जब अप्लायंस पुराने हो जाते हैं और उनकी जगह दूसरा लाना होता है, तो पुराने को कचरे में नहीं डाल देना चाहिए, क्योंकि इससे उनकी कॉइल में मौजूद CFC वायुमंडल में लीक हो जाती हैं। इन्हें सुरक्षित तरीके से रिसाइकल और डिस्पोज करने के लिये दें। कचरे में न डालें।

सब्जियों और फलों के संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण है ओजोन गैस

ओजोन ऑक्सिडीजिंग एजेंट के रूप में क्लोरीन से ज्यादा अधिक असरदार है और अन्य कीटाणुनाशकों की तुलना में सूक्ष्म जीवों के बहुत बड़े स्पेक्ट्रम पर प्रभावी है। ओजोन बैक्टीरिया जैसे कि एस्केरिचिया कोली, लिस्टेरिया और अन्य खाद्य रोगजनकों को पारंपरिक रूप से इस्तेमाल किए जाने वाले कीटाणुनाशक जैसे क्लोरीन की तुलना में बहुत तेजी से बैक्टीरिया को मारता है और केमिकल रेसिडिज से मुक्त होता है। ताज़े फलों और सब्जियों को पहले ओजोनेटेड पानी से धोया जाता है और धोने के पानी को ऑज़ोनेशन और फिल्ट्रेशन के कॉम्बिनेशन द्वारा दोबारा ट्रीट किया जा सकता है। ट्रीटेड वॉश वाटर बैक्टीरिया, कलर और सस्पेंडेड सॉलिड से मुक्त है और पानी के उपयोग को कम करने के लिए इसे रिसाइकिल किया जा सकता है। कन्वेंशन क्लोरीन - बेस्ड वाशिंग सिस्टम्स के विपरीत, अपशिष्ट जल को एक ओजोनेशन प्रक्रिया द्वारा ट्रीट किया जाता है, जो केमिकल अवशेषों से मुक्त होती है। ओजोन डिसइन्फेक्शन टेक्नोलॉजी हाइली रिएक्टिव ओजोन गैस का उत्पादन करती है, जो कीटनाशकों और अन्य हानिकारक केमिकल्स के ट्रेसेस को सफलतापूर्वक ऑक्सीडाइज करती है, जिससे भोजन खाने योग्य हो जाता है।

- सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बैतूल (म.प्र.)
दूरभाष (07141) कार्यालय 238320, Email - eephedbet@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 2480/लेखा/का.यं./लोस्वायांवि.खंड/ **बैतूल, दिनांक : 06.09.2021**

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://mptenders.gov.in** बैतूल जिले के विभिन्न विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पाईप लाईन, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन तथा आर.सी.सी. उच्चस्तरीय जल संग्रहण टंकी तथा आर.सी.सी. सम्पवेल निर्माण कार्य हेतु निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है :-

निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखंड	ग्राम की संख्या	निविदा की कुल लागत रु. लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्यपूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
77/-21-22 Dt. 06.09.2021	158575	भीमपुर	5	332.78	332780/-	15000/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
78/-21-22 Dt. 06.09.2021	158576	भीमपुर	7	232.68	232680/-	15000/-		
79/-21-22 Dt. 06.09.2021	158579	भीमपुर	7	201.36	201360/-	15000/-		
80/-21-22 Dt. 06.09.2021	158580	भीमपुर	6	183.30	183300/-	12500/-		
81/-21-22 Dt. 06.09.2021	158582	चिचोली	8	155.68	155680/-	12500/-		
82/-21-22 Dt. 06.09.2021	158589	आमला	3	203.45	203450/-	15000/-		

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की प्रारंभ तिथि 07.09.2021 11.00 बजे
ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि 27.09.2021 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि 27.09.2021 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर - खोलने की तिथि - 29.09.2021 15.00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
जी-16753/45950/2021 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, बैतूल (म.प्र.)**

संस्कृति संचालनालय, मध्यप्रदेश भोपाल
1-शिवाजी नगर (रेडक्रॉस अस्पताल के पीछे), भोपाल- 462016
दूरभाष : 0755-2770598, ईमेल : director-culture@mp.gov.in

शासकीय संगीत तथा ललित कला महाविद्यालयों में प्राचार्य के पदों पर प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण

म.प्र. शासन, संस्कृति विभाग के प्रशासकीय नियंत्रण अन्तर्गत संस्कृति संचालनालय के अधीन प्रदेश में संचालित शासकीय संगीत एवं ललित कला महाविद्यालयों के माध्यम से संगीत एवं ललित कला की विभिन्न विधाओं में डिप्लोमा, स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर का शिक्षण प्रदान किया जाता है।

(2) वर्तमान में इन महाविद्यालयों में प्राचार्य के, निम्न दर्शित वेतनमान में, पद निम्नानुसार रिक्त हैं :-

शास. संगीत महाविद्यालय	इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन	वेतनमान रु. 79900-211700 (लेवल-14)
	मैहर, धार, नरसिंहगढ़, मंदसौर, खण्डवा	वेतनमान रु. 67300-206900 (लेवल-13)
शास. ललित कला महाविद्यालय	इंदौर, ग्वालियर, धार, जबलपुर	वेतनमान रु. 79900-211700 (लेवल-14)

(3) उक्त महाविद्यालयों के प्राचार्य के रिक्त पदों पर प्रतिनियिक्ति हेतु शासकीय विभागों यथा **उच्च शिक्षा विभाग** में कार्यरत प्राध्यापक/एसोसियेट प्राध्यापक/सहा. प्राध्यापक, **स्कूल शिक्षा विभाग** के हायर सेकण्डरी स्कूल के प्राचार्य, **विभिन्न विश्वविद्यालयों** में कार्यरत प्राध्यापक/एसोसियेट प्राध्यापक/सहा. प्राध्यापक तथा राज्य शासन के **राजपत्रित श्रेणी के अधिकारियों** आदि से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

(4) उक्त शैक्षणिक संस्थानों में प्रतिनियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदनों में संगीत/ललित कला विषय की उपाधि धारकों तथा संबंधित शिक्षण कार्य के अनुभव के साथ प्रशासनिक कार्य का अनुभव रखने वाले आवेदक को प्राथमिकता प्रदान की जावेगी।

(5) आवेदक के विरुद्ध किसी भी प्रकार का आपराधिक प्रकरण, न्यायिक जांच, विभागीय जांच तथा किसी भी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रचलित/लम्बित न होने संबंधी प्रशासकीय विभाग द्वारा जारी मूल प्रमाण-पत्र, आवेदन के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(6) आवेदनकर्ता को अपना आवेदन, जिसमें सेवा संबंधी संपूर्ण विवरण यथा : नाम, पता, पदनाम, वर्तमान पदस्थापना, मूल वेतनमान, वर्तमान वेतनमान, शैक्षणिक योग्यता तथा प्रशासनिक अनुभव के स्पष्ट उल्लेख के साथ, अपने **पैतृक विभाग के माध्यम से "यथा अग्रेषित"** आवेदन **दिनांक 15 नवम्बर 2021 तक संस्कृति संचालनालय, 01 शिवाजी नगर (रेडक्रॉस अस्पताल के पीछे), भोपाल (म.प्र.) - 462016** को प्रस्तुत किया जाना होगा।

(7) प्रतिनियुक्ति हेतु योग्य पाये जाने पर, प्रतिनियुक्ति संबंधी आदेश जारी होने के अधिकतम 01 माह के भीतर, आवेदक को अपने प्रतिनियोक्ता विभाग से कार्यमुक्त होकर प्रतिनियुक्ति स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने का दायित्व संबंधित आवेदनकर्ता का होगा।

(8) उक्त प्रतिनियुक्ति हेतु राज्य शासन द्वारा शासकीय सेवकों की प्रतिनियुक्ति के संबंध में समय-समय पर जारी प्रावधान लागू होंगे।

(9) उक्त प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक अवधि 01 वर्ष के लिए होगी, जिसको आवश्यकतानुसार बढ़ाया जा सकेगा। प्रतिनियुक्ति द्वारा भरे जाने वाले प्राचार्य के उक्त पदों पर पदोन्नति/नियमित पदस्थापना होने पर, प्रतिनियुक्ति तद्प्रभाव से स्वमेव समाप्त मानी जावेगी।

(10) उक्त प्रतिनियुक्ति पर सेवायें प्राप्त करने के संबंध में म.प्र. शासन, संस्कृति विभाग का निर्णय अंतिम होगा।

संचालक
जी-16833/45958/2021 **संस्कृति संचालनालय, म.प्र.**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी खण्ड शाजापुर
ओल्ड कलेक्ट्रेट रोड, कमला भवन, जिला शाजापुर
दूरभाष कार्या. (07364) 228862 मो. नं. 9165607999, ईमेल : eephedshj@mp.nic.in

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 49/2021-22/लेखा/का.यं./लोस्वायां./2021 **शाजापुर, दिनांक : 09.09.2021**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा टेण्डर फार्म "सी" पर आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखा जा सकता है।

ऑनलाइन निविदा क्रमांक	निविदा विज्ञप्ति क्रमांक	अनुमानित लागत (रु. लाखों में)	अमानत राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य
उपखण्डीय प्रयोगशाला शुजालपुर में जल परीक्षण हेतु ग्लासवेयर सामग्री का प्रदाय।				
159030	49	1.19 (शब्दों में रु. एक लाख उन्नीस हजार केवल)	2380.00 (शब्दों में दो हजार तीन सौ अस्सी केवल)	1000.00 (शब्दों में रु. एक हजार)

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) क्रय किये जा सकते है। ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 24.09.2021 सायं 5.30 बजे तक** निर्धारित है। विस्तृत विवरण निविदा सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। यदि निविदा में आगे कोई संशोधन किया जाता है तो वह विभाग की वेबसाइट पर देखा जा सकता है, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
जी-16834/45959/2021 **खण्ड शाजापुर**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

सूचना - पत्र क्रमांक 01/05/2020, दिनांक 08.09.2021

राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा - 2020
परीक्षा तिथि परिवर्तन की सूचना

01. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों हेतु राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 2020 का विज्ञापन क्रमांक 05/2020, दिनांक 29.12.2020 आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.nic.in** पर जारी किया गया है।
02. आयोग द्वारा दिनांक 26.09.2021 को ऑनलाइन पद्धति से आयोजित की जाने वाली राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 2020 अब दिनांक 14.11.2021 (रविवार) को ऑफलाइन पद्धति से (OMR Sheet आधारित) आयोजित की जाएगी।

आर-45960/2021 **उप सचिव**

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई
जयस्तंभ चौक के पास, जिला उमरिया (म.प्र.)

एनआईटी नं. - 27/2021/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/एपीडी/पीआईयू/1613 **रीवा, दिनांक : 06.09.2021**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स.क्र. एवं कार्य का नाम - 1. जिला उमरिया में संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. अंतर्गत बैलेंस कार्य एवं नवनिर्मित भवनों में आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य मय आंतरिक विद्युतीकरण सहित परफार्मेंस गारंटी के भीतर (प्रथम आमंत्रण)।

पोर्टल टेंडर आई.डी.	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
2021_PWPIU_ 158548_1	उमरिया	50.00	50000/-	10000/-	12 माह वर्षाकाल सहित	-

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 10.09.2021 समय 09.00 AM से **दिनांक 24.09.2021 समय 6.00 PM तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
जी-16743/45951/2021 **लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., जिला-उमरिया (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग देवास (म.प्र.)
Website : www.mppwd.gov.in, E-mail : eepwddewas@nic.in, eepwddewas@gmail.com
Phone No. : 07272-220397, 07272-220585

निविदा सूचना क्र. 06/2021-22/एम.एससी./3646 **देवास, दिनांक : 02.09.2021**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	जिला	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	कार्य की समयावधि
1.	देवास	2021_ PWDRB_ 159014	लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग कन्नौद अंतर्गत कन्नौद बहिरावद मार्ग लम्बाई 2.70 कि.मी. का निर्माण कार्य एवं चैनेज 1100 से 3800 में मय लाइट पोल शिफ्टिंग विद्युतीकरण का कार्य।	366.53	10 माह वर्षाकाल सहित
2.	देवास	2021_ PWDRB_ 159015	लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग देवास अंतर्गत सिरौल्या कैलोद मार्ग का निर्माण कार्य लम्बाई 2.40 कि.मी.।	116.81	6 माह वर्षाकाल सहित
			योग	483.34	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाइन बिड सबमिशन की अंतिम दिनांक 24.09.2021 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-16831/45957/2021 **लोक निर्माण विभाग, संभाग देवास**

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल
ई-मेल : ceproc.encwrd.bpl@nic.in
फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 820/2021-22/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक : 07.09.2021**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 28.09.2021 को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2021_ WRD_ 158750	अतिवृष्टि एवं बाढ़ से क्षतिग्रस्त 29 तालाबों एवं उनकी नहरों को संरचनाओं का मरम्मत कार्य, नहरों में लाइनिंग करना, प्रोटेक्शन कार्य एवं नहरों की बैंकों की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य।	शिवपुरी	4086.65
2.	2021_ WRD_ 158752	बुधना, परोंच, नागदा, फुटीवार, सेमरी, खोड, डविया गोविंद, झालोनी, धपोरा, हरथोन, देवखो बांधों एवं उनकी नहरों तथा संबंधित स्ट्रक्चर्रो का मरम्मत कार्य।	शिवपुरी	1328.52

जी-16815/45955/2021 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कोरोना से बचने की तीन बातें बहुत जरूरी, टीका लगवाना, मास्क पहनना और अपनाना दो गज दूरी।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग क्रमांक-1 रीवा
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 13/2021-2022 **रीवा, दिनांक : 06.09.2021**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र-अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती हैं :

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	1. अमानत राशि 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य	1. निविदा आमंत्रण क्र. 2. कार्यावधि सहित/छोड़कर
1.	PWDRB 158255	पुराने आर.एस.ए. मार्ग लं. 4.50 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य उपसंभाग मनगवां	65.27	1. 65270/- 2. 10000/-	1. द्वितीय 2. 06 माह
2.	PWDRB 158256	मडवा जमुनिहा टोला किटहा लालपुर मार्ग लं. 5.10 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य उपसंभाग मनगवां।	51.26	1. 51260/- 2. 10000/-	1. द्वितीय 2. 06 माह
3.	PWDRB 158257	डिहिया टीकर शिवपुरवा मार्ग लं. 9.16 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य उपसंभाग मनगवां	92.07	1. 92070/- 2. 10000/-	1. द्वितीय 2. 06 माह
4.	PWDRB 158258	शिल्पी प्लाजा ए एवं बी ब्लॉक में ऑफिस पोर्सन के प्रवेश द्वार के रेनोवेशन का कार्य उपसंभाग क्रमांक-1 रीवा	9.85	1. 19700/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. चार माह
5.	PWDRB 158259	शिल्पी प्लाजा ए एवं बी ब्लॉक के ऑफिस पोर्सन में स्काई लाइट एवं पॉलसिंग का कार्य उपसंभाग क्रमांक-1 रीवा	16.21	1. 32420/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. चार माह
6.	PWDRB 158260	उपसंभाग क्रमांक-1 रीवा के अंतर्गत उपखण्ड कोठी-1 स्थित जिला न्यायालय रीवा में वाटर सप्लाई एवं सेनेटरी का मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य	18.79	1. 37580/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. चार माह
7.	PWDRB 158261	उपसंभाग क्रमांक-1 रीवा के अंतर्गत उपखण्ड कोठी-1 स्थित जिला न्यायालय रीवा में खिड़कियों एवं दरवाजों का मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य।	19.39	1. 38780/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. चार माह
8.	PWDRB 158262	डेल्ही मोहगढ़ मार्ग भमरा बस्ती (लेफ्ट पोर्सन) 100 मी. एवं व्ही.सी.डब्ल्यू. पहुंच मार्ग 0.80 मी. कुल 180.00 मी. में मरम्मत कार्य।	5.00	1. 10000/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. तीन माह
9.	PWDRB 158263	उपसंभाग क्र. 3 अंतर्गत पड़रा से गढवा मार्ग 155 मी. में नाली का मरम्मत कार्य	17.74	1. 35480/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. तीन माह
10.	PWDRB 158264	उपसंभाग क्र. 3 अंतर्गत इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा के आवासीय कॉलोनी में लं. 2644.00 मी. में बी.टी. रिनूवल का कार्य।	17.36	1. 34720/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. तीन माह
11.	PWDRB 158265	उपसंभाग क्र. 3 अंतर्गत सतना सेमरिया मुख्य मार्ग के कि.मी. 38.00 में भमरा से मौहरा कुल लं. 1.75 कि.मी. में बी.टी. रिनूवल का कार्य।	16.64	1. 33280/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. तीन माह
12.	PWDRB 158266	उपसंभाग क्रमांक-3 अंतर्गत सतना मनकहरी से तेलनी मार्ग लंबाई 4.60 कि.मी. में बी.टी. रिनूवल कार्य।	45.21	1. 50000/- 2. 5000/-	1. प्रथम 2. चार माह
13.	PWDRB 158267	रामनई भलुहा मार्ग में चार नग ह्यूम पाइप कल्वर्ट निर्माण कार्य	7.04	1. 14080/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. तीन माह
14.	PWDRB 158268	विशेष मरम्मत अंतर्गत एच टाइप डॉ. क्वार्टर सी.एच.सी. नईगढ़ी का मरम्मत कार्य।	4.45	1. 8900/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. तीन माह
15.	PWDRB 158269	विशेष मरम्मत अंतर्गत एच टाइप डॉ. क्वार्टर सी.एच.सी. नईगढ़ी में बाउण्ड्रीवॉल का मरम्मत कार्य।	4.40	1. 8800/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. तीन माह
16.	PWDRB 158312	कंस्ट्रक्शन ऑफ रेडक्रॉस सोसायटी रीवा में द्वितीय तल का भवन निर्माण का कार्य	33.39	1. 50000/- 2. 5000/-	1. प्रथम 2. 06 माह
17.	PWDRB 158313	कंस्ट्रक्शन ऑफ रेडक्रॉस सोसायटी रीवा में लिफ्ट वेल का निर्माण कार्य।	6.81	1. 13620/- 2. 2000/-	1. प्रथम 2. तीन माह
18.	PWDRB 158422	ग्राम पंचायत पड़रा स्थित श्री हीरालाल चौबे के घर से पैपखरा मार्ग लं. 3.60 कि.मी. में मरम्मत कार्य।	88.53	1. 88530/- 2. 10000/-	1. प्रथम 2. 06 माह
19.	PWDRB 158423	रौरा वार्ड क्र. 5 से वार्ड क्र. 1 लं. 2.90 कि.मी., वक्खेरा पहुंच मार्ग लं. 0.20 कि.मी., मण्डी रोड लं. 0.95 कि.मी. एवं पी.एम.जी.एस.वाई. सड़क से श्री बालेन्द्र शुक्ला के घर तक छूटा हुआ भाग लं. 0.35 कि.मी. कुल लं. 4.40 कि.मी. के मरम्मत कार्य।	84.16	1. 84160/- 2. 10000/-	1. प्रथम 2. 06 माह
		कुल योग	**603.57**		

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 22.09.2021 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री

जी-16756/45949/2021 **लो.नि.वि. संभाग क्र. - 1 रीवा**

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय
जिला : होशंगाबाद (म.प्र.)

क्रमांक 2217/स्था/2021 **होशंगाबाद, दिनांक : 07.09.2021**

अधिसूचना

जिले के निम्नांकित महाविद्यालयों में उनके नाम के समक्ष अंकित पदों पर आउटसोर्स व्यवस्था के तहत योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :

क्र.	महाविद्यालय का नाम	पद नाम	पद संख्या	मानदेय	न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता
1.	शासकीय महाविद्यालय बनखेड़ी जिला होशंगाबाद	चौकीदार	1	कलेक्टर दर	8वीं उत्तीर्ण
		स्वीपर	1	कलेक्टर दर	8वीं उत्तीर्ण
2.	शासकीय महाविद्यालय डोलरिया जिला होशंगाबाद	सहायक ग्रेड-3	1	कलेक्टर दर	12वीं उत्तीर्ण तथा सी.पी.सी.टी. उत्तीर्ण एवं कम्प्यूटर में डिप्लोमा या डिग्री
		प्रयोगशाला तकनीशियन	1	कलेक्टर दर	बी.ए. भूगोल
		प्रयोगशाला परिचारक	1	कलेक्टर दर	10वीं उत्तीर्ण
		बुक लिफ्टर	1	कलेक्टर दर	8वीं उत्तीर्ण
		भृत्य	1	कलेक्टर दर	8वीं उत्तीर्ण
		चौकीदार	3	कलेक्टर दर	8वीं उत्तीर्ण
		स्वीपर	1	कलेक्टर दर	8वीं उत्तीर्ण
3.	शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा जिला होशंगाबाद	सहायक ग्रेड-3	1	कलेक्टर दर	12वीं उत्तीर्ण तथा सी.पी.सी.टी. उत्तीर्ण एवं कम्प्यूटर में डिप्लोमा या डिग्री
		प्रयोगशाला तकनीशियन	1	कलेक्टर दर	बी.ए. भूगोल
		प्रयोगशाला तकनीशियन	1	कलेक्टर दर	बी.एससी. रसायन शास्त्र
		प्रयोगशाला तकनीशियन	1	कलेक्टर दर	बी.एससी. भौतिक शास्त्र
		प्रयोगशाला तकनीशियन	1	कलेक्टर दर	बी.एससी. वनस्पति शास्त्र
		प्रयोगशाला तकनीशियन	1	कलेक्टर दर	बी.एससी. प्राणी शास्त्र
		प्रयोगशाला तकनीशियन	1	कलेक्टर दर	बी.एससी. कम्प्यूटर साइंस
		प्रयोगशाला परिचारक	6	कलेक्टर दर	10वीं उत्तीर्ण
		बुक लिफ्टर	1	कलेक्टर दर	8वीं उत्तीर्ण
		भृत्य	1	कलेक्टर दर	8वीं उत्तीर्ण
		चौकीदार	3	कलेक्टर दर	8वीं उत्तीर्ण
		स्वीपर	1	कलेक्टर दर	8वीं उत्तीर्ण

1. आवेदन-पत्र सादे कागज पर फोन नम्बर सहित समस्त प्रमाण-पत्रों की स्व-सत्यापित प्रति के साथ **विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 10 दिवस तक प्राचार्य शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय होशंगाबाद** में पहुंचना चाहिए। 2. लिफाफे पर जिस महाविद्यालय के लिए आवेदन किया है उसका नाम एवं पद का नाम स्पष्ट अंकित होना चाहिए। 3. डाक की देरी के लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। 4. उम्मीदवार आवेदन के साथ म.प्र. मूल निवासी एवं आधार कार्ड की छायाप्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें। 5. साक्षात्कार आयोजित कर योग्य उम्मीदवार का चयन किया जावेगा। 6. उम्मीदवार किसी भी हैसियत से महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नहीं माने जायेंगे और वे लोक सेवक के विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत "लोक सेवक" नहीं माने जायेंगे। यह व्यवस्था पूर्णतः अस्थायी होगी एवं कभी भी समाप्त की जा सकेगी। 7. प्राचार्य का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 8. कर्मचारी को आवश्यकतानुसार दैनिक आधार पर कार्य पर रखा जावेगा। चयन कार्य पर रखे जाने का आधार नहीं है। 9. चयनित उम्मीदवार को पुलिस सत्यापन कराना होगा। 10. मानदेय का निर्धारण निर्धारित कलेक्टर दर के अनुसार होगा।

प्राचार्य, शास. गृह विज्ञान स्नातकोत्तर

जी-16808/45954/2021 **अग्रणी महाविद्यालय, होशंगाबाद (म.प्र.)**

म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
तकनीकी संभाग, खरगोन

क्र./बोर्ड/तक.स./निविदा/2021-22/674 खरगोन, दिनांक 08.09.2021

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2021_MPSAM_158018 के अंतर्गत ऑनलाइन निविदाएं दिनांक 04.10.2021 को शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/101922/45961/2021 **कार्यपालन यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-01 जबलपुर
1558 ऋषि कॉटेज, रतन कॉलोनी, जबलपुर (म.प्र.) 482003
Ph. : 0761-4927201, Email : mpphcjabalpur@gmail.com

म.प्र. पुलिस आ.अधो. वि.नि. संभाग जबलपुर क्र.-01 अंतर्गत प्री. मैट्रिक बालिका छात्रावास भवन का निर्माण कार्य सिविल लाइन, जबलपुर हेतु निविदा क्र. 08/2021-22 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_159463) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 24.09.2021 समय 17.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं सब्मिट (प्रस्तुत) किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/101938/45963/2021 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02, डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002, Email - mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 16/2021-22 शासकीय नेहरू डिग्री कॉलेज बुढ़ार में निर्माण एवं उन्नयन का कार्य जिला-शहडोल (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_159400) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 21.09.2021 तक खरीद कर सायं 18:00 बजे तक सब्मिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/101925/45962/2021 **परियोजना यंत्री**

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग

जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल
ईमेल : mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in
फोन : 0755-2553402, फैक्स : 0755-2552406

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेण्डरिंग/406/1276

निविदा सूचना क्रमांक - 472/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेण्डरिंग **भोपाल, दिनांक : 07.09.2021**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई हैं। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर **दिनांक 28.09.2021** को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।
निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि रु. (लाख में)
1.	2021_WRD_142139	भगवंत सागर परियोजना की पंधाना वितरिका की मोहनपुर माइनर की आर.डी. 1020 मी. पर साइफन का निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण)।	खण्डवा	4.89
2.	2021_WRD_142144	अर्दला, करोंद, नावली एवं बामझर लघु सिंचाई योजना के वार्षिक मरम्मत का कार्य (द्वितीय आमंत्रण)।	खण्डवा	19.85
3.	2021_WRD_152291	हाडी पिपल्या स्टामपेड के स्टील शटर्स गेट लगाने एवं खोलने का कार्य।	नीमच	1.23
4.	2021_WRD_152292	देवरी सोमिया स्टामपेड के स्टील शटर्स गेट लगाने एवं खोलने का कार्य।	नीमच	1.14
5.	2021_WRD_152294	तिलसोई नदी पर श्रृंखलाबद्ध स्टामपेड के स्टील शटर्स गेट लगाने एवं खोलने का कार्य।	नीमच	0.26
6.	2021_WRD_152295	लसुडिया स्टामपेड के स्टील शटर्स गेट लगाने एवं खोलने का कार्य।	नीमच	0.26
7.	2021_WRD_152296	पावटी स्टामपेड के स्टील शटर्स गेट लगाने एवं खोलने का कार्य।	नीमच	0.21
8.	2021_WRD_155533	संभागीय कार्यालय परिसर में शौचालय का वार्षिक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	सिंगरौली	2.00
9.	2021_WRD_155541	लोहरा लघु सिंचाई योजना का विस्तृत सर्वेक्षण कार्य।	सिंगरौली	3.93
10.	2021_WRD_155769	कार्यालय उपसंचालक मिट्टी एवं धातु परीक्षण प्रयोगशाला संभाग जबलपुर की प्रयोगशाला में स्थापित मशीनों के केलीब्रेशन कार्य।	जबलपुर	1.36
11.	2021_WRD_156313	खेजडिया तालाब के क्षतिग्रस्त वेस्ट वियर का बोरी बंधान से अस्थायी मरम्मत कार्य।	शाजापुर	5.38
12.	2021_WRD_156843	खजूरी लघु तालाब के विशेष मरम्मत कार्य।	खण्डवा	5.04
13.	2021_WRD_156996	कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग, खंडवा के बंगले की बाउण्ड्री का निर्माण कार्य।	खण्डवा	12.77
14.	2021_WRD_157074	सम्राट अशोक सागर कॉलोनी सलामतपुर के उपसंभाग क्र. 2 के कार्यालय का मरम्मत कार्य।	विदिशा	4.96
15.	2021_WRD_157105	डी 50 ए 15 काम्पेक्शन मशीन क्र. 02, 29, 83 के सुधार हेतु कलपुर्जों का प्रदाय।	बालाघाट	2.00
16.	2021_WRD_157112	डी 50 ए 15 काम्पेक्शन मशीन क्र. 37, 08 के सुधार हेतु कलपुर्जों का प्रदाय।	बालाघाट	1.32
17.	2021_WRD_157113	डी 50 ए 15 काम्पेक्शन मशीन क्र. 02, 29, 83, 37, 08 के सुधार कार्य।	बालाघाट	1.19
18.	2021_WRD_157115	डी 50 ए 15 काम्पेक्शन मशीन क्र. 60 के सुधार हेतु कलपुर्जों का प्रदाय।	बालाघाट	0.41
19.	2021_WRD_157117	डी 50 ए 15 काम्पेक्शन मशीन क्र. 60 के सुधार कार्य।	बालाघाट	0.42
20.	2021_WRD_157161	जल संसाधन संभाग, पवई के कार्यालय भवन एवं आवासीय भवन का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	पन्ना	4.76
21.	2021_WRD_157244	भानपुरा नहर परियोजना यूनिट-2 की नहर मरम्मत, मिट्टी, लाइनिंग एवं डीसिलटिंग कार्य।	मंदसौर	18.77
22.	2021_WRD_157288	कालापाठा, नीमखेडी, धरनावदा, भमावद, देवपुरा, कीताखेडी, कहारपुरा एवं विशनखेडा स्टाप डेम के गेट खोलने एवं बंद करने तथा मरम्मत कार्य।	गुना	14.69
23.	2021_WRD_157499	तवा बांयी तट मुख्य नहर की चैन क्र. 3011 पर एस.डब्ल्यू.एफ की हेडवाल एवं व्ही.आर.वी. चैन क्र. 2926 का मरम्मत कार्य।	हरदा	12.47
24.	2021_WRD_157514	तवा बांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 42490 से आर.डी. 92940 मी. के मध्य नहर तल में साइड स्लोब, वर्ग एवं बैक की खिसकी मिट्टी हटाने का कार्य।	हरदा	4.98
25.	2021_WRD_157515	तवा बांयी तट मुख्य नहर की चैन क्र. 4082 से 4283.60 के मध्य नहर तल में जमा मिट्टी हटाने का कार्य।	हरदा	3.36
26.	2021_WRD_157626	सर्वे एवं अनुसंधान उपसंभाग, राजगढ़ के बैराज/स्टाप डेमों के गेट लगाने निकालने एवं रखरखाव का कार्य।	राजगढ़	13.67
27.	2021_WRD_157643	उपसंभाग, खिलचीपुर के बैराज/स्टाप डेमों के गेट लगाने निकालने एवं रखरखाव का कार्य।	राजगढ़	8.09
28.	2021_WRD_157645	उपसंभाग, जीरापुर के बैराज/स्टाप डेमों के गेट लगाने निकालने एवं रखरखाव का कार्य।	राजगढ़	7.24
29.	2021_WRD_157650	उपसंभाग, ब्यावरा के बैराज/स्टाप डेमों के गेट लगाने निकालने एवं रखरखाव का कार्य।	राजगढ़	7.00
30.	2021_WRD_157786	तवा बांयी तट मुख्य नहर की रायगढ़ वितरणी की 06 नं. माइनर एवं 02 नं. सबमाइनर का बैंक रेंजिग (मिट्टी) का कार्य।	होशंगाबाद	2.18
31.	2021_WRD_157790	तवा बांयी तट मुख्य नहर की चैन क्र. 1752 से 2569 तक जंगल सफाई का कार्य।	होशंगाबाद	4.69

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग - मंदसौर

ई-मेल : eepwdmandsaur0@gmail.com, फोन : 07422-255211
निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 12/2021-22/एसएसी/ **मंदसौर, दिनांक : 08.09.2021**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर रिफरेन्स क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)
1.	2021_PWDRB_158887_1	Mandsaur	Plan	तलाव पिपलिया से संजीत मार्ग व्हाया दोरवाड़ी मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 4.00 कि.मी. विद्युत कार्य सहित।	द्वितीय	₹ 336.08
				Total		**₹ 336.08**

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (**mptenders.gov.in**) वेबसाइट के माध्यम से प्रापत हो सकेगी। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 20.09.2021 सायं 17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा **(EMD only RTGS/NEFT)**।

कार्यपालन यंत्री
जी-16759/45948/2021 **लोक निर्माण विभाग, संभाग - मंदसौर**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड राजगढ़ (ब्यावरा) (म.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 59, 60, 61, 62, 63, 64/2021-22/एस.ए.सी./का.यं./लो.स्वा.या.वि.
राजगढ़ दिनांक : 03.09.2021

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर आमंत्रित की गई हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत राजगढ़ जिले के विकासखण्ड राजगढ़, ब्यावरा एवं खिलचीपुर में स्कूल आंगनवाड़ी केन्द्रों में पेयजल व्यवस्था कार्य हेतु निविदा निम्नानुसार आमंत्रित हैं :

निविदा क्र./ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकास खण्ड	निविदा की कुल लागत रु. लाख में	धरोहर राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि	रिमार्क
ग्राम का नाम :- राजगढ़ जिले के विकासखण्ड खिलचीपुर के 234 मा. स्कूलों में पेयजल व्यवस्था का कार्य।							
59/21-22 दि. 03.09.2021	2021_PHED_158115	खिलचीपुर	215.94	215940/-	15000/-	6 माह (वर्षाकाल सहित)	
ग्राम का नाम :- राजगढ़ जिले के विकासखण्ड खिलचीपुर के 228 स्कूलों आंगनवाड़ी में पेयजल व्यवस्था का कार्य।							
60/21-22 दि. 03.09.2021	2021_PHED_158116	खिलचीपुर	210.40	210400/-	15000/-	6 माह (वर्षाकाल सहित)	
ग्राम का नाम :- राजगढ़ जिले के विकासखण्ड राजगढ़ के 279 स्कूलों में पेयजल व्यवस्था का कार्य।							
61/21-22 दि. 03.09.2021	2021_PHED_158117	राजगढ़	257.47	257470/-	15000/-	6 माह (वर्षाकाल सहित)	
ग्राम का नाम :- राजगढ़ जिले के विकासखण्ड राजगढ़ के 254 स्कूलों आंगनवाड़ी में पेयजल व्यवस्था का कार्य।							
62/21-22 दि. 03.09.2021	2021_PHED_158118	राजगढ़	234.40	234400/-	15000/-	6 माह (वर्षाकाल सहित)	
ग्राम का नाम :- राजगढ़ जिले के विकासखण्ड ब्यावरा के 173 स्कूलों में पेयजल व्यवस्था का कार्य।							
63/21-22 दि. 03.09.2021	2021_PHED_158119	ब्यावरा	159.65	159650/-	12500/-	4 माह (वर्षाकाल सहित)	
ग्राम का नाम :- राजगढ़ जिले के विकासखण्ड ब्यावरा के 211 स्कूलों आंगनवाड़ी में पेयजल व्यवस्था का कार्य।							
64/21-22 दि. 03.09.2021	2021_PHED_158120	ब्यावरा	194.72	194720/-	12500/-	4 माह (वर्षाकाल सहित)	

ऑनलाइन निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि - **24.09.2021**
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की अंतिम तिथि - 27.09.2021

कार्यपालन यंत्री
जी- 16824/45956/2021 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

अफवाहों पर न दें ध्यान, कोरोना से बचने का टीका ही समाधान

32.	2021_WRD_157971	मुण्डला, बांकपुरा एवं कुशलपुरा मध्यम परियोजना में सिंचाई, पेट्रोलिंग एवं अन्य कार्य हेतु श्रमिकों का प्रदाय।	राजगढ़	1.74
33.	2021_WRD_158058	पुरवा मुख्य नहर संभाग का सुधार कार्य।	सतना	19.94
34.	2021_WRD_158342	रामपुरा टैंक के नहर एक्वाडक्ट का वार्षिक मरम्मत कार्य।	झाबुआ	6.05
35.	2021_WRD_158375	उपसंभाग, ब्यावरा के क्षतिग्रस्त हुये तालाबों का मरम्मत कार्य।	राजगढ़	6.15
36.	2021_WRD_158376	उपसंभाग, कुशलपुरा मध्यम परियोजना की दांयी एवं बांयी नहर का मरम्मत कार्य।	राजगढ़	4.86
37.	2021_WRD_158377	ढाबलीकलां तालाब का सुधार एवं मरम्मत कार्य।	राजगढ़	1.42
38.	2021_WRD_158572	सिंध परियोजना में अतिवृष्टि से दांयी तट नहर की आर.एम. 9 माइनर, वितरिका डी. 5, का सुदृढ़ीकरण मिट्टी कार्य, 7 नं. सी.डी. का पुनर्निर्माण एवं रोड का मरम्मत कार्य।	शिवपुरी	19.76
			कुल योग	**230.44**

जी- 16806/45953/2021 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

मास्क पहनें और भीड़-भाड़ से रहें दूर, कोरोना से बचने का टीका लगवायें जरूर

होमगार्ड के डाइंग कॉडर रिव्यू के लिये होगी कमेटी गठित - गृह मंत्री

भोपाल, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने होमगार्ड मुख्यालय के राज्य आपदा प्रबंधन कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा प्रदेश के जिला सेनानी और डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट से संवाद किया। उन्होंने बेहतर आपदा प्रबंधन के लिये श्योपुर, ग्वालियर, रायसेन, अशोकनगर, इंदौर और उज्जैन के डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट से सुझाव प्राप्त किये। डॉ. मिश्रा ने होमगार्ड और स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पॉन्स फोर्स (एसडीईआरएफ) की बेहतरी के लिये रिव्यू कमेटी के गठन के निर्देश दिये। कमेटी में गृह मंत्री सहित अपर मुख्य सचिव गृह, महानिदेशक होमगार्ड और प्रमुख सचिव वित्त शामिल रहेंगे।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि वर्तमान में होमगार्ड के जवानों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जा रहा है। इस स्थिति में होमगार्ड के कॉडर को डाइंग घोषित करने के निर्णय पर पुनर्विचार करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कमेटी द्वारा बेहतर आपदा प्रबंधन के लिये जरूरी अन्य विषयों पर भी निर्णय लिया जायेगा। निर्णयों से शासन को अवगत कराया जाकर उन्हें अमलीजामा पहनाया जायेगा।

बैठक में होमगार्ड के नव-नियुक्त महानिदेशक श्री पवन कुमार जैन ने आपदा प्रबंधन के लिये एसडीईआरएफ के जवानों के बेहतर प्रशिक्षण की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि जबलपुर के मुंगेली में विभाग के पास मौजूद 206 हेक्टेयर भूमि में प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किया जा सकता है। श्री जैन ने कहा कि गृह मंत्री डॉ. मिश्रा के कार्यकाल में विभागीय संस्थानों के उन्नयन के लिये कई महती कार्य किये गये हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। जबलपुर में प्रशिक्षण संस्थान के लिये पूर्व में 176 करोड़ रुपये का प्रस्ताव विभाग द्वारा प्रेषित किया गया था, जिस पर कार्यवाही अपेक्षित है। डॉ. मिश्रा ने आश्वस्त किया कि इस संबंध में वे स्वयं मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस से चर्चा करेंगे।

श्री जैन ने कहा कि राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में डॉ. मिश्रा की मौजूदगी सभी के लिये उत्साहवर्धक और प्रेरणादायी है।

मध्यप्रदेश में प्रथम डोज का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन हो 26 सितम्बर तक

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कम वैक्सीनेशन और डेंगू प्रभावित जिलों के कलेक्टरों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये चर्चा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में 26 सितम्बर तक प्रथम डोज का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन पूर्ण किया जाए। सभी पात्र व्यक्तियों के टीकाकरण के लिए वोटर लिस्ट को आधार बनाया जाए। गांव तथा वार्डों से जो व्यक्ति रोज़गार के सिलसिले में बाहर गये हैं उनकी जानकारी दर्ज कर शेष सभी व्यक्तियों को वैक्सीन की प्रथम डोज लगाना सुनिश्चित करें। डेंगू से बचाव के उपायों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कम वैक्सीनेशन और डेंगू प्रभावित जिलों के कलेक्टरों से वर्चुअली चर्चा करते हुये कहीं।

कलेक्टरों से पूछा कम टीकाकरण का कारण

मुख्यमंत्री ने 70 प्रतिशत से कम वैक्सीनेशन वाले जिलों सतना, श्योपुर, भिण्ड, धार, रीवा, सीधी, खरगोन मंडला, मुरैना, कटनी, बालाघाट, छिन्दवाड़ा, शिवपुरी, सिंगरौली, बड़वानी, अलीराजपुर और बैतूल के कलेक्टरों से टीकाकरण में कमी के कारणों पर चर्चा की। सतना कलेक्टर ने कहा कि टीके की डोज पर्याप्त है पर सिरींज कम मिल पाने के कारण टीकाकरण प्रभावित हुआ है। छिंदवाड़ा कलेक्टर ने बताया कि पोला, तीजा आदि त्योहारों से टीकाकरण की गति प्रभावित हुई है। बैतूल कलेक्टर ने कहा कि त्योहारों के साथ अधिक वर्षा ने टीकाकरण को प्रभावित किया है। साथ ही डेंगू तथा अन्य मौसमी बुखार के कारण कुछ प्रकरणों में टीकाकरण को लंबित किया गया है। मण्डला कलेक्टर ने बताया कि टीकाकरण अभियान को गति देने के लिए वन विभाग की टीमों को भी लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में अब तक 75 प्रतिशत पात्र नागरिकों को प्रथम डोज तथा 17 प्रतिशत नागरिकों को वैक्सीन का द्वितीय डोज लग चुका है।

शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए जनता की भागीदारी आवश्यक

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के अभियान में क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियों और जनप्रतिनिधियों को प्रत्येक स्तर पर जोड़ा जाए। टीकाकरण जनता का, जनता द्वारा जनता के लिए अभियान है। यह भाव शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए आवश्यक है।

प्रदेश में डेंगू के 2200 केस

श्री चौहान ने डेंगू से सर्वाधिक प्रभावित जिलों मंदसौर, जबलपुर, रतलाम, आगर-मालवा, भोपाल, छिंदवाड़ा और इंदौर के कलेक्टरों से भी चर्चा की। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में डेंगू के 2200 केस विद्यमान हैं। भोपाल कलेक्टर ने बताया कि शहर के 11 वार्डों में डेंगू के प्रकरण हैं। नियंत्रण के लिए सघन फॉगिंग और लारवा नष्ट करने का कार्य जारी है। घरों में जल भराव मिलने पर जुर्माना भी किया जा रहा है। बैठक में जिलों के कलेक्टरों ने बताया कि जागरूकता अभियान और डेंगू से बचाव तथा नियंत्रण के लिए गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इलाज के लिए भी आवश्यक व्यवस्था की गई है।

डेंगू होने के कारणों की जड़ पर प्रहार आवश्यक

मुख्यमंत्री ने कहा कि डेंगू होने के कारणों की जड़ पर प्रहार आवश्यक है। डेंगू से बचाव के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियां जैसे जल-जमाव न होने, मच्छर का लार्वा नष्ट करने, साफ-सफाई रखने जैसी गतिविधियां जनता को साथ लेकर ही चलाई जा सकती हैं। जागरूकता और आवश्यक सावधानियों का पालन कर डेंगू से बचा जा सकता है। हमारा प्रयास यह हो कि सर्तकता और जागरूकता से ही डेंगू से बचाव हो और इलाज की नौबत ही न आए। श्री चौहान ने कहा कि नगरीय निकाय, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लार्वा सर्वे और फॉगिंग के कार्य को सघनतापूर्वक संचालित करें।

अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को मिलेगा निःशुल्क पशुपालन प्रशिक्षण

भोपाल, पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के हितग्राहियों के लिए राज्य पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान, भोपाल में अक्टूबर 2021 में निःशुल्क तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। पहले दो दिन सैद्धांतिक और अंतिम दिन व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण गौ-भैंस, बकरी, मुर्गी और सूकर पालन में दिया जायेगा।

निःशुल्क आवास-भोजन व्यवस्था के साथ मिलेंगे 2500 रुपये

संचालक पशुपालन डॉ. आर.के. मेहिया ने बताया कि अनुसूचित जाति उपयोजना-विशेष केंद्रीय सहायता मद में आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों का पशुपालन में कौशल विकास कर आय के बेहतर विकल्प के लिये तैयार करना है। हितग्राहियों को निःशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था संस्थान द्वारा की जायेगी। इसके आलावा हितग्राहियों को तीन दिन के पारिश्रमिक के नुकसान के एवज में 2500 रुपये की राशि भरपाई के रूप में दी जायेगी।

भोपाल आने-जाने का मिलेगा किराया

प्रशिक्षण के लिए आने वाले हितग्राहियों का भोपाल आने-जाने का द्वितीय श्रेणी रेल एवं बस का वास्तविक किराया टिकट के सत्यापन के बाद मिलेगा। साथ ही भोपाल स्टेशन या बस स्टैण्ड से प्रशिक्षण संस्थान तक आने-जाने के लिए 200 रुपये भी दिये जायेंगे।

प्रशिक्षण के इच्छुक महिला-पुरुष अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राही अपने जिले के नजदीकी पशु औषधालय, पशु चिकित्सालय, कृत्रिम गर्भाधान केंद्र या उप संचालक कार्यालय में संपर्क कर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होने की जानकारी संबंधित जिले के उप संचालक द्वारा हितग्राही को दी जायेगी।

विकास कार्यों में धन की कमी नहीं होने दी जायेगी - मुख्यमंत्री

सतना, रैगांव क्षेत्र के विधायक स्व. जुगुल किशोर बागरी ने क्षेत्र के विकास के जो सपने देखे थे, उनमें से कई सपने साकार हो चुके हैं। जो काम शेष बचा है, उसे पूरा करने के लिये मैं क्षेत्र की जनता के बीच आया हूं। प्रदेश में दो बार कोरोना संकट के कारण अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी नहीं है। भले सरकार को उधार लेना पड़े, पर विकास के कार्यों में धन की कमी नहीं होने दूंगा। बरगी नहर का पानी वर्ष 2023 तक इस क्षेत्र में पहुंचेगा। रैगांव क्षेत्र के किसानों से समर्थन मूल्य पर 300 करोड़ रुपये का गेहूं तथा 150 करोड़ रुपये की धान खरीदी गई है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सतना जिले के रैगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शिवराजपुर से जनदर्शन कार्यक्रम का शुभारंभ कर आम सभा को संबोधित करते हुये कहीं।

विद्युत सब स्टेशन सहित दीं अनेक सौगातें

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिवराजपुर में शीघ्र ही विद्युत सब स्टेशन का निर्माण शुरू होगा। मुख्यमंत्री ने शिवराजपुर में वर्ष 2023 तक बरगी नहर का पानी पहुंचाने तथा ग्राम दुआरी से ररा तक सड़क निर्माण, शिवराजपुर में सीएम राईज हायर सेकेंडरी स्कूल खोलने के लिये 18 करोड़ रुपये की लागत से भवन निर्माण, गांव के दो तालाब चितरा एवं मुदहरा तालाब के सुधार एवं विस्तारीकरण तथा गांव में हाट-बाजार निर्माण की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सतना जिले में जनदर्शन कार्यक्रम के तहत लोगों को हितलाभ वितरित करते हुये।

श्री चौहान ने कहा कि कोरोना का संकट अभी पूरी तरह से दूर नहीं हुआ है। कोरोना से बचाव की सावधानी बरतें। हर व्यक्ति कोरोना वैक्सीन का टीका अवश्य लगवाये। सतना जिले में 30 सितम्बर तक 18 साल से ऊपर के हर व्यक्ति को वैक्सीन की कम से कम प्रथम डोज अवश्य लगवा दें। कलेक्टर इसके लिये विशेष अभियान चलायें। जिले के हर पात्र गरीब परिवार को अन्न उत्सव के माध्यम से निःशुल्क खाद्यान्न वितरित करायें।

गरीब वर्ग के लिए अनेक योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब वर्ग के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। हर गरीब को नवम्बर माह तक निःशुल्क खाद्यान्न दिया जाएगा। प्रत्येक माह की 7 तारीख को अन्न उत्सव मनाकर गरीबों को खाद्यान्न का वितरण करायें।

ओरछा का ग्राम लाडपुराखास यूएन डब्ल्यूटीओ अवॉर्ड में नामांकित

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ओरछा के ग्राम लाडपुराखास को यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड टूरिज़्म ऑर्गेनाइजेशन अवॉर्ड में 'बेस्ट टूरिज़्म विलेज' श्रेणी के लिए नामांकित किए जाने पर पर्यटन विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मध्यप्रदेश के लिये गौरव की बात है। हमारा प्रदेश नैसर्गिक प्राकृतिक सौंदर्य के साथ अद्भुत स्थापत्य कला का धनी प्रदेश है। अब पर्यटन सिर्फ मनोरंजन ही नहीं बल्कि रोज़गार, स्थानीय संस्कृति, खान-पान, कला और स्थापत्य कला का केंद्र-विंदु भी बनकर उभरा है।

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने ओरछा के ग्राम लाडपुराखास को बेस्ट टूरिज़्म विलेज हेतु नामांकित गया है। इसके साथ ही दो अन्य ग्राम मेघालय और तेलंगाना से नामांकित किये गए हैं। श्री शुक्ला ने बताया कि पर्यटन के क्षेत्र में नये आयाम जोड़ते हुये ग्रामीण पर्यटन की अवधारणा को मूर्तरूप देने के उद्देश्य से 'ग्रामीण पर्यटन' परियोजना प्रारंभ की गई है। अगले पांच वर्षों में 100 गांवों को ग्रामीण पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। इनमें ओरछा, खजुराहो, मांडू, सांची, पचमढ़ी, तामिया, पन्ना नेशनल पार्क, बांधवगढ़ नेशनल पार्क, संजय दुबरी नेशनल पार्क, पेंच एवं कान्हा नेशनल पार्क, मितावली और पड़ावली क्षेत्रों में उपयुक्त स्थलों का चयन किया जाकर विकास किया जायेगा।

श्री शुक्ला ने बताया कि ग्रामीण पर्यटन परियोजना अंतर्गत 6 मुख्य घटकों, जिसमें क्षेत्रीय पर्यटन आधारित गतिविधियां, पर्यटकों के ठहरने के लिए सुविधाजनक आवास/होम-स्टे, परंपरागत एवं स्थानीय भोजन, सांस्कृतिक अनुभव, कला एवं हस्तकला तथा युवाओं में कौशल उन्नयन पर कार्य किया जा रहा है।

श्री शुक्ला ने बताया कि 'ग्रामीण पर्यटन' स्थानीय संस्कृति और परंपरा के महत्व को बनाए रखते हुये स्थानीय लोगों को पर्यटकों की रुचि और आवश्यकता के बारे में जानने का अवसर उपलब्ध कराता है। ग्रामीण पर्यटन के माध्यम से पर्यटक भी स्थानीय सांस्कृतिक विशिष्टता के आवास विन्यास, स्थानीय भोजन के प्रकार एवं प्रक्रिया, आवागमन के स्थानीय साधन, आभूषण, अनाज एवं भोजन के संरक्षण के तरीके, सामाजिकता और आर्थिक सत्कार के तरीके आदि से परिचित होंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

अपनों को सुरक्षित रखने में क्या मजबूरी, मास्क पहनना और वैक्सीन बहुत जरूरी

मध्यप्रदेश में जल्द होगी एक लाख पदों पर भर्ती की प्रक्रिया आरंभ

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में एक औद्योगिक इकाई के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

भोपाल, राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रोज़गार है। राज्य सरकार कुछ ही दिनों में एक लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया आरंभ कर रही है। राज्य सरकार द्वारा रोज़गार के अवसर सृजित करने के साथ उद्यमिता, स्व-रोज़गार को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। निजी क्षेत्र में रोज़गार की अपार संभावनाएं हैं। इसे देखते हुए प्रदेश में औद्योगिक विकास और औद्योगिक निवेश की गति को तेज किया गया है। पिछले 17 महीने में कोरोना महामारी के बावजूद 384 इकाइयों को 840 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। इससे 11 हजार करोड़ रुपये के पूंजी निवेश और 22 हजार व्यक्तियों को रोज़गार मिलेगा। प्रदेश में कोरोना संकट की परिस्थितियों के बावजूद औद्योगिक इकाइयों की संख्या में 48 प्रतिशत, भूमि आवंटन में 32 प्रतिशत, पूंजी निवेश में 33 प्रतिशत और रोज़गार सृजन में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में गोकुलदास एक्सपोर्ट्स लिमिटेड की रेडीमेड गारमेंट्स इकाई के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

स्थानीय व्यक्तियों को मिलेगा रोज़गार

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोकुलदास एक्सपोर्ट्स द्वारा प्रस्तावित यह इकाई 10 एकड़ भूमि पर बनेगी। कंपनी द्वारा 110 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश किया जाएगा, जिसमें 4 हजार से अधिक स्थानीय व्यक्तियों को रोज़गार उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही प्लांट में तीन चौथाई से अधिक महिलाएं कार्य करेंगी। इस इकाई से ही लगभग 10 हजार लोगों को रोज़गार मिलेगा। अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र 146 हेक्टेयर भूमि पर विकसित है। टेक्सटाइल पार्क अचारपुरा में 154 भूखण्ड हैं, जिनमें उद्योग स्थापना पर 800 करोड़ पूंजी निवेश की संभावनाएं हैं।

उद्योगों को मिलेगा पर्याप्त जल

श्री चौहान ने कहा कि अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों को जल प्रदाय के लिए 16 करोड़ 81 लाख रुपये की लागत से नर्मदा जल प्रदाय पाइप लाइन योजना का लोकार्पण हुआ है। इससे लगभग 300 इकाइयों को प्रतिदिन 3 एमएलडी जल प्रदाय किया जा सकेगा। उद्योगों को पर्याप्त जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

बंदीखेड़ी और पातलपुर में भी लगेंगे उद्योग

मुख्यमंत्री ने कहा कि अचारपुरा के साथ यहां से 10 किलोमीटर दूरी पर स्थित बंदीखेड़ी ग्राम में उपलब्ध 200 एकड़ भूमि पर उद्योग विकसित किए जाएंगे। इसी प्रकार बैरसिया के निकट पातलपुर में उपलब्ध भूमि को कृषि आधारित उद्योगों के लिए चिन्हित किया गया है। हमारा उद्देश्य स्थानीय युवाओं और माताओं-बहनों को बेहतर रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराना है।

रोज़गार की संभावनाओं वाले उद्योगों को प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिक से अधिक रोज़गार की संभावनाएं निर्मित करने के लिए प्रदेश में श्रम आधारित उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। फार्मा, ऑटो, टेक्सटाइल एण्ड गार्मेंट्स, फूड-प्रोसेसिंग, इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स आदि सेक्टर के उद्योगों को निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण

श्री चौहान ने प्रदेश में निवेश के लिए औद्योगिक इकाइयों को आमंत्रित करते हुए कहा कि आपके पास उद्यम की इच्छा है और सरकार के पास इस सपने को पूरा करने में सहयोग की शक्ति। आपकी इच्छा और सरकार की शक्ति से नयी इच्छा-शक्ति के साथ हम आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की रचना करेंगे। आपको हर संभव सहायता देने में प्रदेश सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से उद्योगों के निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति के लिए सुगम GIS आधारित पोर्टल तैयार किया गया है।

व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयास जारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापार को सरल बनाने की दिशा में हम तेजी से कार्य कर रहे हैं। 'एक जिला- एक उत्पाद' योजना में सभी जिलों के 64 विशिष्ट उत्पादों का चयन कर लिया गया है। 'अटल प्रोग्रेस-वे' और 'नर्मदा एक्सप्रेस-वे' के दोनों ओर औद्योगिक कॉरिडोर को विकसित किया जाएगा।

नई शिक्षा नीति से उच्च शिक्षा का होगा विस्तार - उच्च शिक्षा मंत्री

सागर, नई शिक्षा नीति से उच्च शिक्षा को नए आयाम मिलेंगे। नई शिक्षा नीति लागू करने वाला मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य है। भारत की संस्कृति और सभ्यता की पूरे विश्व में पहचान है। यह बात उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर जिले के खुरई विकासखंड के अंतर्गत नगर पंचायत बांदरी में 6 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से बनने वाले महाविद्यालय भवन के भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कही।

श्री यादव ने कहा कि बांदरी महाविद्यालय में वाणिज्य एवं विज्ञान विषय शुरू होंगे। उन्होंने कहा कि अब नई शिक्षा नीति से 131 विषय में से कोई भी विषय महाविद्यालय शुरू कर सकता है। साथ ही महाविद्यालय में शीघ्र ही ऑडिटोरियम, ओपन जिम, खेल मैदान और वाहन स्टेंड भी तैयार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति से ही छात्र-छात्राएं डिप्लोमा एवं डिग्री एक साथ कर सकते हैं। नई शिक्षा नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए शीघ्र ही महाविद्यालय स्तरों पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी जिसमें विद्वान शिक्षकों द्वारा नई शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से चर्चा होगी।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र में अब पूर्ण विकास होने पर ही विकास का पहिया रुकेगा। उन्होंने कहा कि 6 करोड़ 18 लाख की लागत से बनने वाला महाविद्यालय भवन गुणवत्तापूर्ण, अत्याधुनिक तरीके से बनेगा। इसके बन जाने से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा। बांदरी में ही 3 हजार से अधिक आवास तैयार कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक करोड़ 52 लाख की मशीनरी भी बांदरी नगर परिषद को प्रदान की गई है। शीघ्र ही नगर परिषद में कर्मचारियों की नियुक्ति भी होगी। उन्होंने बांदरी को शीघ्र ही तहसील का दर्जा दिलाने की बात भी कही।

श्री सिंह ने कहा कि वन विभाग के माध्यम से 25 एकड़ जमीन हस्तांतरित कर विकास के अन्य कार्य कराए जाएंगे। सांसद श्री राज बहादुर सिंह ठाकुर ने कहा कि बांदरी में महाविद्यालय आ जाने से अब बेटियां शिक्षा से वंचित नहीं होंगी।

बांस के समग्र विकास का पांच वर्षीय रोडमैप तैयार

भोपाल, मध्यप्रदेश में एक जिला-एक उत्पाद योजना में देवास और हरदा जिले में बांस क्षेत्र के समग्र विकास का 5 वर्षीय रोडमैप तैयार किया गया है। इन दोनों जिले में 3800 हेक्टेयर क्षेत्र में बांस रोपण के साथ 2500 किसान और बांस शिल्पियों को कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण दिलाया जायेगा।

वन विभाग के अधीन राज्य बांस मिशन द्वारा इन जिलों में बांस प्र-संस्करण की 6 इकाइयां भी स्थापित की जाकर बांस विपणन में सहयोग प्रदान करेगा। बांस मिशन देवास और हरदा जिले के किसानों को प्रोत्साहित कर 1400 हेक्टेयर अनुपजाऊ निजी भूमि पर बांस रोपण कराकर अनुदान उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा विभागीय रोपण और मनरेगा में 2250 हेक्टेयर क्षेत्र में बांस-रोपण करायेगा।

बांस मिशन की इस महत्वाकांक्षी योजना में किसानों और बांस शिल्पियों को तकनीकी मार्गदर्शन और कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाकर किसानों और स्थानीय लोगों को रोज़गार के अवसर के साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

सागौन उत्पाद प्रोत्साहन योजना में बैतूल जिले का हुआ चयन

सागौन उत्पाद प्रोत्साहन के लिए बैतूल जिले का चयन किया गया है। यहां सागौन उत्पाद मात्रा का आकलन कर इसमें वृद्धि की संभावनाओं को तलाशा जाकर उत्पादों के मूल्य संवर्धन को सूचीबद्ध कर विपणन की रणनीति तैयार की जाएगी।

वन विभाग ने 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना में बैतूल जिले के सागौन काष्ठ के प्रांरभिक प्रसंस्करण और सागौन काष्ठ के उत्पाद बढ़ाने वाले शिल्पकारों और संस्थानों की सूची तैयार की है। उत्पादों के मूल्य संवर्धन की संभावनाओं को सूचीबद्ध कर इनके विपणन की रणनीति तैयार की जा रही है।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

बैकलॉग के रिक्त पदों के विशेष भर्ती अभियान में एक वर्ष की वृद्धि

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल स्थित मंत्रालय में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के बैकलॉग/कैरीफारवर्ड पदों तथा निःशक्तजनों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए विशेष भर्ती अभियान की समय-सीमा एक जुलाई, 2021 से 30 जून, 2022 तक एक वर्ष की वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं -

- मंत्रिपरिषद द्वारा एथेनॉल एवं जैव ईंधन के उत्पादन के प्रोत्साहन के लिए वित्तीय सहायता योजना जारी किये जाने का निर्णय लिया गया। उत्पादन से जुड़े प्लांट एवं मशीनरी में किये गये पूंजी निवेश के 100 प्रतिशत की अधिकतम सीमा तक, पेट्रोलियम तेल उत्पादन कंपनियों को इकाई द्वारा उत्पादित एथेनॉल प्रदाय करने पर 1.50 रुपये प्रति लीटर की वित्तीय सहायता वाणिज्यिक उत्पादन की दिनांक से 7 वर्ष के लिये प्रदान की जायेगी।
- इकाइयों के लिए भूमि क्रय करने पर स्टाम्प ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जाएगी। वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने के दिनांक से 5 साल के लिए विद्युत शुल्क में 100 प्रतिशत छूट दी जायेगी।
- गुणवत्ता प्रमाणन प्रतिपूर्ति गुणवत्ता प्रमाणन लागत का 50 प्रतिशत या एक लाख रुपये जो भी कम हो, दी जायेगी। 100 प्रतिशत पेटेंट शुल्क की प्रतिपूर्ति 5 लाख रुपये तक की सीमा तक की जायेगी। जीरो लिक्विड डिस्चार्ज सुविधा के लिये इक्विपमेंट पर 50 प्रतिशत पूंजीगत अनुदान, जो 1 करोड़ रुपये की अधिकतम सीमा तक होगा, प्रदान किया जाएगा।
- उद्योग के लिए निजी/आवंटित अविकसित शासकीय भूमि पर पानी/बिजली/सड़क अधोसंरचना विकास के लिए परियोजना पर हुए व्यय के 50 प्रतिशत, जो प्रत्येक मद के लिये अधिकतम एक करोड़ रुपये की सीमा तक होगा, की प्रतिपूर्ति की जाएगी। इस नीति के क्रियान्वयन के लिए एमपीआईडीसी, भोपाल नोडल एजेंसी होगी।
- मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश उच्च न्यायिक सेवा (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम, 2017 के नियम-14 के बाद 14 (अ) जोड़े जाने का निर्णय लिया गया। इसके अतंर्गत अभ्यर्थी से नियमित नियुक्ति के समय इस आशय का रुपये 5 लाख का बंधपत्र निष्पादित कराया जाएगा कि उसे पदभार ग्रहण करने के पश्चात् न्यूनतम 3 वर्ष तक सेवाएं देना अनिवार्य होगा अन्यथा किसी भी कारण से त्यागपत्र देकर सेवाएं नहीं देने पर उक्त राशि या 3 महीने के वेतन और भत्ते के बराबर राशि, जो भी अधिक हो, देना होगी।
- उक्त शर्तों के उल्लंघन के मामले में बांड की पूरी राशि राजसात की जा सकेगी। यदि आवेदक केंद्र या मध्यप्रदेश राज्य की शासकीय सेवा के लिए पूर्व अनुमति के साथ त्यागपत्र देता है तो बंधपत्र की राशि का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी।
- मंत्रिपरिषद द्वारा मानसिक चिकित्सालय, इन्दौर का 'सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स' के रूप में उन्नयन किये जाने के लिए नवीन एस.ओ.आर. दरों के अनुसार परियोजना के लिए 33.1 करोड़ रुपये की स्वीकृति और संस्था में पूर्व से स्वीकृत 25 पदों को समर्पित करते हुए 13 नवीन पदों के सृजन की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।
- चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा वर्तमान में एम.डी. साइकियाट्रिक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रति वर्ष 6 छात्रों को प्रवेश दिया जाता है।
- मानसिक चिकित्सालय, इन्दौर का उन्नयन 'सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स' के रूप में करने तथा नवीन पद सृजित किए जाने से मनोरोग विषय में एम.डी. की 4 सीट, क्लीनिकल साइकोलॉजी की 18 एम.फिल. सीट, साइकियाट्रिक सोशल वर्क की 18 एम.फिल. सीट और साइकियाट्रिक नर्सिंग डिप्लोमा कोर्स की 40 अतिरिक्त सीट प्रारम्भ की जा सकेंगी।
- मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा चयनित एजेंसी के माध्यम से सागर-दमोह मार्ग पर 29 अप्रैल 2028 तक, महू-घाटाबिल्लोद मार्ग पर 13 फरवरी 2035 तक, भिण्ड-मिहौना-गोपालपुरा मार्ग पर 30 अप्रैल 2030 तक और बीना-खिमलासा-मालथोन मार्ग पर 30 अप्रैल 2035 तक उपभोक्ता शुल्क (टोल) संग्रहण किये जाने की स्वीकृति दी गई।
- मंत्रिपरिषद द्वारा कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग के उत्पादों का प्रमोशन, ब्राण्ड बिल्डिंग और विपणन अधोसंरचना नवीन योजना का अनुमोदन दिया गया। योजना के परियोजना अभिलेख (DPR) में प्रमुखतः तीन मदों ब्राण्ड प्रमोशन, ई-कॉमर्स प्रचार-प्रसार और विपणन अधोसंरचना विकास में व्यय किया जायेगा।
- यह नवीन योजना सभी ग्रामोद्योगी उत्पाद, मृगनयनी (हाथकरघा/ हस्तशिल्प उत्पाद), कबीरा (खादी उत्पाद), विन्ध्या बैली (ग्रामोद्योग उत्पाद) और प्राकृत (रेशम उत्पादों) के लिये लागू होगी।
- मंत्रिपरिषद द्वारा शासकीय महाराजा स्वशासी स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, छतरपुर का महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर में समस्त संसाधनों सहित संविलियन एवं पूर्व में स्वीकृत 236 पदों (प्रशासकीय 13, शैक्षणिक 140 एवं गैर शैक्षणिक 83) की पुनर्संरचना के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश में 30 सितम्बर तक चलेगा आयुष्मान पखवाड़ा

भोपाल, आयुष्मान भारत निरामयम मध्यप्रदेश योजना की जानकारी आम नागरिकों और हर पात्र व्यक्ति को देने के लिए 30 सितम्बर तक आयुष्मान पखवाड़ा आयोजित होगा। 15 सितम्बर से प्रारंभ आयुष्मान पखवाड़ा में अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने और जनसंवाद, ऑनलाइन संवाद के कार्यक्रम आयोजित कर योजना के प्रावधानों से हितग्राहियों को अवगत कराया जा रहा है। अब तक प्रदेश में 2 करोड़ 50 लाख से अधिक पात्र परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये हैं।

महाप्रबंधक आयुष्मान योजना मध्यप्रदेश डॉ. पदमाकर त्रिपाठी ने बताया कि पखवाड़े के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अस्पतालों और अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति-पत्र दिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना का प्रदेश में 23 सितम्बर, 2018 को क्रियान्वयन शुरू किया गया था। योजना के तीन वर्ष पूरे होने पर 23 सितम्बर, 2021 को आयुष्मान भारत दिवस के रूप में मनाया जायेगा।

आयुष्मान योजना में पात्र परिवार को एक वर्ष में योजना में इम्पेनल्ड अस्पतालों में 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार दिया जा रहा है। योजना के माध्यम से पात्र परिवार कोरोना, कैंसर, हृदय रोग, गुर्दा रोग, डेंगू, चिकनगुनिया, मोतियाबिन्द, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण आदि रोगों का इम्पेनल्ड अस्पतालों में निःशुल्क उपचार करा सकते हैं।

कक्षा पहली से पांचवीं तक के स्कूल 20 सितम्बर से खुलेंगे

भोपाल, मध्यप्रदेश के सभी शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में कक्षा पहली से पांचवीं तक की प्राथमिक स्तर की कक्षाएं 50 प्रतिशत क्षमता के साथ 20 सितम्बर से संचालित हो सकेंगी। उप सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग श्री प्रमोद सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश और प्रदेश में कोविड-19 संक्रमण की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर यह निर्णय लिया गया है। श्री सिंह ने बताया कि कक्षा आठवीं, दसवीं और बारहवीं के शत-प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए छात्रावास और आवासीय विद्यालय संचालित किए जायेंगे। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के लिए भी स्कूल और छात्रावास खोले जायेंगे, लेकिन छात्रावास में उनकी कुल क्षमता के 50 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी उपस्थित नहीं होंगे। विद्यालय और छात्रावास में अभिभावकों की सहमति से ही विद्यार्थी उपस्थित हो सकेंगे। श्री सिंह ने बताया कि जिलों में स्कूलों, छात्रावास और आवासीय विद्यालयों को खोले जाने के संबंध में जिला आपदा प्रबंधन समिति की सहमति ली जाएगी।

विद्यालयों और छात्रावासों में भारत सरकार और राज्य स्तर से समय-समय पर जारी एसओपी और कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा। विद्यार्थियों की ऑनलाइन कक्षाएं और डिजिटल माध्यम से पढ़ाई पूर्व की तरह ही संचालित की जायेगी।

मांग कर खाने वाले एवं कचरा उठाने वालों को भी मिलेगा निःशुल्क खाद्यान्न

भोपाल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री विसाहूलाल सिंह ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा अधिनियम के तहत प्राथमिकता श्रेणी मांग कर खाने वाले एवं कचरा बीनकर जीवन-यापन करने वाले व्यक्ति एवं उसके परिजन को निःशुल्क राशन का लाभ प्रदान किया जायेगा।

श्री विसाहूलाल सिंह ने कहा कि ऐसे गरीब हितग्राहियों को 'अन्य वंचित वर्ग' के परिवारों के सत्यापन के लिये राज्य शासन द्वारा आदेश जारी किये गये हैं।

'डेंगू से जंग-जनता के संग' अभियान

डेंगू के बारे में सतर्कता और सक्रियता रखें - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में 'डेंगू से जंग-जनता के संग' अभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मैं मुख्यमंत्री के रूप में नहीं आपके परिवार के सदस्य के रूप में यह आत्मीय अपील करने आया हूं कि डेंगू के बारे में सतर्कता रखें, बचाव के उपाय अपनाते रहें। कोरोना का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन करवाएं। कोरोना की सावधानियों को अपनाना जारी रखें। राज्य सरकार और उसकी एजेंसियां निरंतर सक्रिय हैं। हमने प्रदेश में जैसे कोरोना का नियंत्रण किया है वैसे ही जनता के सहयोग से हम डेंगू को भी हराएंगे। डेंगू हारेगा मध्यप्रदेश जीतेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में राज्य व्यापी डेंगू महाअभियान का शुभारंभ करते हुये कहीं।

जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'डेंगू से जंग-जनता के संग' का अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। हम सभी जगह डेंगू नियंत्रित करने में सफल होंगे। मुख्यमंत्री ने नेहरू नगर स्थित पलकमति परिसर पहुंचकर डेंगू जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री चौहान ने परिसर में डेंगू नियंत्रण के लिए दवाई का स्प्रे किया, फागिंग मशीन भी उनके द्वारा चलाई गई। श्री चौहान ने परिसर में मौजूद लोगों को डेंगू बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। इस आशय के पेम्फलेट वितरित किए तथा परिसर में पोस्टर भी लगाए। मुख्यमंत्री ने नेहरू नगर चौराहे के फाउंटेन पोन्ड में डेंगू पैदा करने वाले एडीज मच्छर के लार्वा को नष्ट करने वाली गम्बूसिया मछलियां डालीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हम यह कहने की स्थिति में हैं कि प्रदेश में कोरोना नियंत्रण में है। ईश्वर की कृपा और प्रदेशवासियों के सहयोग से हम तीसरी लहर को रोकने में सफल होंगे। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि गणेशोत्सव तथा अन्य सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रमों में मास्क लगाने तथा कोरोना वायरस की अन्य सावधानियों का पालन करना जारी रखें।

श्री चौहान ने कहा कि कोरोना का टीका लगवाना आवश्यक है। यह जिंदगी का डोज है। भोपाल में दूसरा डोज केवल 40 प्रतिशत लोगों को लगा है। अभी भी 60 प्रतिशत लोग बाकी हैं। पहला डोज भी 94 प्रतिशत लोगों को लोगों लग चुका है, अभी 6 प्रतिशत लोग पहले डोज से वंचित हैं।

डेंगू नियंत्रण के लिए नगर निगम तथा शासकीय एजेंसियां सक्रिय

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में डेंगू का प्रकोप बढ़ा है। डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से सतर्कता और सजग रहकर बचा जा सकता है। डेंगू, मच्छर से होता है। मच्छर का लार्वा ऐसी जगहों पर पनपता है जहां पानी भरा हो। अतः हमें जल-जमाव के बारे में सतर्क रहना है। नगर निगम तथा शासकीय एजेंसियां, सड़कों, गड्ढों आदि में भरे पानी के जमाव को रोकने और लार्वा को नष्ट करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैं। नगर निगम, नगरीय निकायों द्वारा फागिंग, दवा छिड़कने, लार्वा खाने वाली मछली डालने जैसे कार्य निरंतर जारी हैं। प्रदेश में मंदसौर, जबलपुर, इंदौर, रतलाम आदि में डेंगू के अधिक प्रकरण आए हैं। पूरे प्रदेश में सतर्कता की आवश्यकता है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

आज़ादी का अमृत महोत्सव

श्री शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम

13 से 23 सितम्बर, 2021

कृमि संक्रमण का बच्चों पर प्रभाव

• खून की कमी (एनीमिया) • कुपोषण • कमज़ोरी • थकावट एवं बीमारी

कोविड-19 सुरक्षा उपायों के साथ आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और ए.एन.एम. द्वारा घर-घर एवं स्कूलों में जाकर 1-19 आयु वर्ग के सभी बच्चों को 13 से 23 सितम्बर, 2021 तक कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजॉल खिलाई जायेगी।

कृमि संक्रमण से बचाव के अन्य तरीके

नाखून साफ और छोटे रखें | हमेशा साफ पानी पीयें | अपने हाथ साबुन से धोएं विशेषकर खाने से पहले और शौच जाने के बाद

साफ पानी से फल व सब्ज़ियां धोएं | खाने को ढंक कर रखें | खुले में शौच ना करें, हमेशा शौचालय का प्रयोग करें | आस-पास सफाई रखें | जूते/चप्पल पहनें

कृमि से छुटकारा, सेहतमंद भविष्य हमारा

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी G-D/11047/2021

R-45952/2021

कांग यात्से चोटी

नौवीं कक्षा की छात्रा आकांक्षा ने फतह की

नौवीं कक्षा की छात्रा आकांक्षा चतुर्वेदी ने लद्दाख में बेहद कठिन कही जाने वाली कांग यात्से चोटी फतह की है। वह सबसे कम उम्र की बालिका बन गई हैं, जिसने यह चोटी फतह की है। नैनीताल में अध्ययनरत आकांक्षा ने 6 हजार 250 मीटर की ऊंचाई को 14 अगस्त से 26 अगस्त की ट्रैकिंग के दौरान पार किया। खराब मौसम के दौरान आकांक्षा नहीं रुकीं और चोटी के शीर्ष पर पहुंची।

तमिलनाडु में

नीलगिरी माउंटेन रूट पर ट्रेन फिर शुरू

तमिलनाडु में नीलगिरी माउंटेन रेलवे ने ट्रेन सेवाएं फिर से शुरु कर दी हैं। कोरोना के कारण यह ट्रेन अप्रैल के बाद से बंद थी। कोयले के इंजन से चलने वाली यह चार डिब्बों की ट्रेन नीलगिरी की खूबसूरत वादियों से गुजरती है। रोमांचक प्राकृतिक सुंदरता के दर्शन कराती है। 1908 में बने इस रूट पर 10 से ज्यादा सुरंग और 250 ब्रिज हैं।

इकबाल सिंह लालपुरा

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष बने

पंजाब के पूर्व आईपीएस अधिकारी इकबाल सिंह लालपुरा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष नामित किए गए हैं। इससे पहले वे गैरुल हसन आयोग के अध्यक्ष थे। उनका कार्यकाल पिछले वर्ष मई में शुरू हुआ था। लालपुरा अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष बनने वाले दूसरे सिख हैं। उनसे पहले 2003 में तरलोचन सिंह अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष बने थे।

बेबी रानी मौर्य

राज्यपाल के पद से दिया इस्तीफा

उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद को भेज दिया। राजभवन के अनुसार उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से पद से इस्तीफा दिया है। उन्होंने 26 अगस्त 2018 को उत्तराखंड के राज्यपाल पद की शपथ ग्रहण की थी।

रैपर लिल

माथे पर इंप्लांट हीरा फैन्स ने निकाला

अमेरिकी रैपर साइमर बाइसिल उर्फ लिल उर्जी वर्ट ने पिछले कुछ माह पूर्व अपने माथे पर 175 करोड़ रुपये का गुलाबी हीरा इंप्लांट करवाया था। जिसको हाल ही में हुए एक लाइव कंसर्ट में उनके किसी फैन ने निकाल लिया था। बताया जा रहा है कि रैपर अपने गाने के प्रोग्राम के बाद आई फैन्स की भीड़ में घिर गए, उसी दौरान किसी ने बेशकीमती हीरा माथे से निकाल लिया था।

जिल बाइडेन

अध्यापन कार्य के लिए कॉलेज पहुंचीं

अमेरिका की प्रथम महिला 70 वर्षीय जिल बाइडेन ने नॉर्दर्न वर्जीनिया कम्युनिटी कॉलेज में छात्रों को पढ़ाया। जिल इस कॉलेज में 2009 से पढ़ा रही हैं। वे ऐसी प्रथम महिला हैं, जो व्हाइट हाउस छोड़कर काम पर लौटी हैं। उन्होंने कोरोनाकाल में ऑनलाइन क्लास लेकर पढ़ाना जारी रखा था। उन्होंने इससे पहले कहा था कि वह क्लास में लौटने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकतीं।

महमूद ममदानी

ब्रिटिश अकादमी बुक पुरस्कार के लिए नामित

भारतीय मूल के 75 वर्षीय लेखक महमूद ममदानी दुनिया के उन 4 लेखकों में शामिल हो गए, जिन्हें ग्लोबल कल्चरल अंडरस्टैंडिंग के लिए 2021 के ब्रिटिश एकेडमी बुक पुरस्कार की दौड़ में शामिल किया गया है। मुंबई में जन्मे युगांडा निवासी लेखक अपनी किताब नीदर सेटलर नॉरनेटिव : द मेकिंग एंड अनमेकिंग ऑफ परमानेंट माइनॉरिटीज के लिए कथेतर श्रेणी के 25,000 पाउंड राशि के पुरस्कार की दौड़ में हैं।



ओरोविल डैम

सूखने की कगार पर पहुंचा

अमेरिका में 4 करोड़ की आबादी वाला राज्य कैलिफोर्निया भयावह सूखे से जूझ रहा है। इसका दूसरा सबसे बड़ा ओरोविल डैम सूखने की कगार पर पहुंच गया है। इसमें सिर्फ 23 प्रतिशत पानी बचा है। अमेरिकी मौसम विभाग के अनुसार डैम इतिहास के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश न हो पाना इसकी प्रमुख वजह है।

योशिहिदे सुगा

छोड़ सकते हैं प्रधानमंत्री पद

जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा ने कहा कि वह सत्तारूढ़ पार्टी के नेता के तौर पर इस महीने होने वाले पुनर्मतदान में अपनी उम्मीदवारी पेश नहीं करेंगे। इससे स्पष्ट हो गया है कि वे अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। करीब एक साल पहले शिंजो आबे के इस्तीफे के बाद सुगा को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था।

नासा ने

इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी का परीक्षण किया

नासा ने अमेरिका में जॉबी एविएशन के साथ वर्टिकल टेक ऑफ-लैंडिंग में सक्षम पूरी तरह इलेक्ट्रिक एयरक्रॉफ्ट का परीक्षण किया। नासा के अनुसार यह एयर टैक्सी के तौर पर संचालित हो सकता है और परिवहन का एक और साधन बन सकता है। नासा ने अपने एडवांस्ड एयर मोबेलिटी नेशनल कैंपेन के तहत् पहली बार इस इलेक्ट्रिक एयरक्राफ्ट का परीक्षण किया।

नेली मुट्ठी

जाम्बिया की संसद में पहली महिला अध्यक्ष बनीं

जाम्बिया के सांसदों ने लुसाका की प्रमुख वकील नेली मुट्ठी को देश की पहली नेशनल असेंबली की अध्यक्ष के रूप में चुना है। नेशनल असेंबली में निर्विरोध नामांकन के बाद उन्हें अध्यक्ष घोषित किया गया। 12 अगस्त, 2021 को हुए आम चुनावों के बाद मुट्ठी को विधिवत् अध्यक्ष निर्वाचित किया गया था।

ब्रिटेन

संसद में ड्रेस कोड लागू

ब्रिटेन की संसद में नया ड्रेस कोड लागू कर दिया गया है। सांसद अब जींस, स्पोर्ट्स वियर, टी शर्ट या स्लीवलेस टॉप पहनकर संसद में नहीं आ सकेंगे। इतना ही नहीं स्पीकर ने एक चेतावनी पत्र भी जारी कर दिया है कि सभी सांसदों को उचित संसदीय वेशभूषा का पालन करने पर ही संसद में आने की अनुमति मिलेगी।

पीजे - I

पृथ्वी के करीब नासा ने देखा एक हजारवां क्षुद्र ग्रह

नासा की जेट प्रोपल्शन लैबोरेटरी (जेपीएल) ने एक हजारवां नियर-अर्थ एस्टेरॉयड (एनईए) को ट्रैक किया है। नासा के रडार ने 2021 पीजे - I नामक इस क्षुद्र ग्रह को पृथ्वी से सिर्फ 1.7 मिलियन किलोमीटर दूरी से गुजरते हुए देखा। क्षुद्र ग्रह ने पृथ्वी के लिए कोई खतरा पैदा नहीं किया है, यह 65 से 100 फीट चौड़ा है।

डारियो कोस्टा

इटली के स्टंट पायलट ने बनाया रिकॉर्ड

इटली के स्टंट पायलट डारियो कोस्टा ने तुर्की के इस्तांबुल में दो सुरंगों में रेसिंग विमान उड़ाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया है। उन्होंने क्रांकीट की दीवारों के बीच 3 फीट से भी कम ऊंचाई पर विमान उड़ाया। उन्होंने औसतन 245.07 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरी।

पॉल एलिस

चैरिटी के लिए दिव्यांग ने बनाया रिकॉर्ड

ब्रिटेन के दिव्यांग पॉल एलिस ने वेल्स स्थित स्नोडोन पर्वत पर चढ़ाई कर नया कीर्तिमान बनाया है। 56 वर्षीय पॉल एलिस के दोनों पैर नहीं हैं। दूसरों की मदद के लिए वह धन जुटाना चाहते थे। इसलिए उन्होंने 13 घंटे हाथ और घुटने के बल चलकर 3,560 फीट की दूरी तय की। वह 17 लाख रुपये का फंड जुटाने में कामयाब रहे।

जीव मिल्खा

दुबई का गोल्डन वीजा मिला

भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा खेल में शानदार उपलब्धियों के लिए 10 साल का प्रतिष्ठित दुबई गोल्डन वीजा हासिल करने वाले दुनिया के पहले पेशेवर गोल्फर बन गए हैं। जीव दुबई के कई प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीत चुके हैं। जीव ने कहा कि वे सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने चयनकर्ता समिति को इस चयन के लिए धन्यवाद दिया।

स्मृति शेष

एमी पुरस्कार विजेता ऐस्नर का निधन

सात बार के एमी पुरस्कार विजेता अभिनेता एड ऐस्नर का 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने दो सिटकॉम 'द मैरी टायलट मूरे' शो और नाटक 'लू ग्रांट' में अभिनय किया था। उन्होंने 2009 की एनिमेटेड फिल्म 'अप' में वाइस ओवर किया था, जो खासी लोकप्रिय रही थी।

क्रिकेट कोच वासु परांजपे का निधन

मुंबई क्रिकेट के द्रोणाचार्य माने जाने वाले कोच वासु परांजपे का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। पूर्व भारतीय सुपर क्रिकेट स्टार सुनील गावस्कर को उन्होंने 'सनी' नाम दिया था। उन्होंने 29 प्रथम श्रेणी मैचों में 785 रन बनाए थे।

सुडोकू के पितामह माकी काजी का निधन

अंकों की पहेली सुडोकू के प्रसिद्ध रचयिता माकी काजी का 69 वर्ष की आयु में कैंसर से निधन हो गया। सुडोकू की रचना करके वे काफी ख्यातिलब्ध हो गए थे। उन्हें 'पजल गॉडफादर' कहा जाता था। उनकी कंपनी ने बताया कि उनका निधन टोक्यो स्थित आवास पर हुआ।

गायक सुनील परेरा का निधन

श्रीलंका के गायक और संगीतकार सुनील परेरा का कोविड-19 से 68 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने न केवल अपने गीतों से श्रीलंका की पीढ़ियों का मनोरंजन किया बल्कि भ्रष्टाचार, नस्लवाद, लोकतंत्र के दमन के खिलाफ अपनी बात रखी। सुनील पिछले महीने कोरोना से संक्रमित हो गये थे। राजधानी कोलंबो के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। वह पिछले हफ्ते घर लौटे, लेकिन उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें वापस अस्पताल ले जाय गया। जहां उनकी मृत्यु हो गई।

पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव केशव देसीराजू का निधन

उत्तराखंड कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव केशव देसीराजू का चेन्नई में निधन हो गया। वह पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के नाती थे। केशव देसीराजू उत्तराखंड कैडर के 1978 बैच के आईएएस अधिकारी थे। उन्होंने कैंब्रिज यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र और हॉवर्ड यूनिवर्सिटी से सामान्य प्रशासन विषय में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की थी। उन्होंने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार में कई अहम पदों पर अपनी सेवाएं दीं। उनकी छवि एक सरल, सौम्य, कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार अधिकारी की रही।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कोरोना से बचने की तीन बातें बहुत जरूरी, टीका लगवाना, मास्क पहनना और अपनाना दो गज दूरी।

मेयो ग्रुप ऑफ कॉलेज

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड़, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर, इंडियन नर्सिंग कांउसिल, नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग काउंसिल एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश सत्र 2021-22

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	मास्टर ऑफ नर्सिंग (एम.एस.सी नर्सिंग)– योग्यता बी.एस.सी. नर्सिंग	2 वर्ष
2.	मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी (एम.पी.टी.) योग्यता बी.पी.टी.	2 वर्ष
3.	मास्टर ऑफ मेडिकल लेब टेक्निशियन (एम.एम.एल.टी.) योग्यता बी.एम.एल.टी.	2 वर्ष
4.	बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी (बी.पी.टी.) 6 माह इंटर्नशिप	4 वर्ष
5.	पोस्ट बैसिक बी.एस.सी नर्सिंग–योग्यता जी.एन.एम.	2 वर्ष
6.	डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्निशियन (डी.एम.एल.टी.)	2 वर्ष
7.	सर्टिफिकेट इन एक्स–रे रेडियोग्राफर टेक्निशियन	1 वर्ष
8.	ओ.टी. टेक्निशियन (ऑपरेशन थीएटर)	1 वर्ष
9.	एम.बी.ए.	2 वर्ष

क्रमांक 4 एवं 6 से लेकर क्रमांक 8 तक के लिए योग्यता 12वीं जीव विज्ञान विषय से। तथा क्र. 9 के लिए स्नातक किसी भी विषय से। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा। छात्राओं के लिए उत्तम भोजन युक्त छात्रावास की विशेष सुविधा उपलब्ध है।

संचालक

LAKECITY

R-45964/2021

पूनमचंद गुप्ता वोकेशनल महाविद्यालय

(देवी अहिल्या वि.वि. इन्दौर से संबद्धता प्राप्त)

दि निमाड़ एजुकेशनल सोसायटी, खण्डवा द्वारा संचालित संस्था पूनमचंद गुप्ता वोकेशनल महाविद्यालय हेतु **प्राचार्य** एवं निम्न विषयों के प्राध्यापक, सह–प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापकों की आवश्यकता है।

* गणित * प्रबंधन * अंग्रेजी * हिन्दी * वाणिज्य * रसायन शास्त्र
* वनस्पति शास्त्र * जीव विज्ञान * बीज प्रौद्योगिकी * हार्टिकल्चर

बी.एड. एवं बी.एस.सी. बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु प्राचार्य/ विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, सह–प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक की आवश्यकता हैं।

योग्यता यू.जी.सी.,एन.सी.टी.ई., एवं म.प्र. शासन (कॉलेज कोड–28) के नियमानुसार, अनुभव संबंधित प्रमाण–पत्रों के साथ विज्ञापन प्रकाशित होने के सात दिवस के अन्दर निम्न लिखित पते पर आवेदन करें।

अध्यक्ष – पूनमचंद गुप्ता वोकेशनल महाविद्यालय
पो.बा. नं. 33, सिविल लाईन्स, खण्डवा (म.प्र.)
Tele.No. 0733-2225426,9425085025 Email- principal.pcgvc@gmail.com

R-45967/2021

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
Regional Office , 101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, INDORE-452007 (M.P.)
Phone : (0) 2970611, 2971311, 2974363, Fax No. : 0731-2972629
E-mail : ed.roind@mpidc.co.in, Website: www.invest.mp.gov.in
GSTN : 23AACCM6080D2ZT, CIN : U45203MP1981SGC001850

क्र.एमपीआयडीसी/क्षे.का.इं./लेखा/2021/11875 दिनांक : 17.09.21

निविदा आमंत्रण सूचना (तृतीय आमंत्रण)

एमपीआयडीसी, क्षेत्रीय कार्यालय, इंदौर द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्र उज्जैनी जिला-धार में स्थित गुमटी प्लाजा (केंटीन) परिसर किराये पर देने हेतु मोहरबंद प्रस्ताव दिनांक 27.09.21 तक आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा का निर्धारित प्रपत्र का मूल्य जीएसटी सहित रु. 2360/- (वापसी योग्य नहीं) एवं धरोहर राशि (EMD) रु. 25000/- जिसका डी.डी./एफ.डी.आर., कार्यकारी संचालक, एमपीआयडीसी, क्षेत्रीय कार्यालय, इंदौर के नाम से देय होगा। निविदा से संबंधित अन्य जानकारी निगम की वेबसाइट **www.mpakvnindore.com** पर देखी जा सकती है।

म.प्र. माध्यम/101997/45974/2021 कार्यपालन यंत्री

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, मदभदा रोड संभाग क्रमांक-03,भोपाल-462003
Mobile No. 9425601545, ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/558/पयं/भोपाल-03/तशा/2020
भोपाल, दिनांक : 17.09.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत पुलिस लाइन जिला सीहोर में (12+48) आवास गृह के ब्लॉक 01 एवं 02 में मरम्मत कार्य एवं जिला विदिशा में खेल स्टेडियम में नाली निर्माण कार्य व गेट मरम्मत कार्य हेतु निविदा क्र.-03/2021-22 (टेण्डर क्र. -160473, 160480) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 27.09.2021 सायं 5:00 बजे तक** खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/102005/45975/2021 परियोजना यंत्री

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खंड-हरदा

दूरभाष - 07577-223212, फैक्स - 226777, ईमेल - eephedhar@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mpeproc.gov.in** पर हरदा जिले के तीनों विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत उच्च स्तरीय टंकी, सम्पवेल, पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन, विद्युत संयोजन एवं अन्य हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

निविदा क्र./ दिनांक	सिस्टम क्र.	विकास-खण्ड	ग्रामों की संख्या	निविदा की कुल लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
22/2021-22	158593	हरदा	04	233.78	233780	15000	9 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
23/2021-22	158595	हरदा	02	172.57	172570	12500	9 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
24/2021-22	158596	हरदा	02	173.45	173450	12500	9 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
25/2021-22	158597	हरदा	03	231.75	231750	15000	9 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
26/2021-22	158598	हरदा	02	219.45	219450	15000	9 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
27/2021-22	158599	हरदा	03	220.34	220340	15000	9 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
28/2021-22	158630	हरदा	04	213.80	213800	15000	9 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
29/2021-22	158638	हरदा	04	360.07	360070	15000	9 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
30/2021-22	158650	टिमरनी	03	156.17	156170	12500	9 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
31/2021-22	158654	टिमरनी	02	171.63	171630	12500	9 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
32/2021-22	158811	टिमरनी	02	163.23	163230	12500	9 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
33/2021-22	158864	टिमरनी	02	135.89	135890	12500	9 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
34/2021-22	158868	खिरकिया	03	176.04	176040	12500	6 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
35/2021-22	158871	खिरकिया	02	160.13	160130	12500	9 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
36/2021-22	158872	खिरकिया	02	182.24	182240	12500	9 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली
37/2021-22	158874	खिरकिया	03	205.23	205230	15000	9 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि **27.09.2021 17.30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि **27.09.2021 17.30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि 29.09.2021 11.00 बजे
निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

जी-17030/45973/2021 कार्यपालन यंत्री, लोक स्वा.यां. विभाग खण्ड हरदा

**अपनों को सुरक्षित रखने में क्या मजबूरी,
मास्क पहनना और वैक्सीन बहुत जरूरी।**

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
P.W.D. (MAINTENANCE) DIVISION NO. 2, BHOPAL
TENDER NOTICE

NIT 13 of 2021-22 **Bhopal, Date : 07.09.2021**

Online Tender for mentioned below are being invited. The Tender have been uploaded on the e-Procurement system of Public Works Department on the Portal **www.mptenders.gov.in.** Tender details are as below :-

S. No.	Tender No.	Name of Work	Call No.	Cost of Project (PAC) (Rs. In Lack)
1.	2021_PWDRB_ 158963_1	B.T. Renewal Work of Awala, Amarpura, Samaspura, Samasgarh Road Length 17.00 km.	First	187.93
2.	2021_PWDRB_ 158964_1	B.T. Renewal Work of Tilakhedi, Dehriya kala, Jhagariya to Sarwar Road Length 10.70 km.	First	118.09
3.	2021_PWDRB_ 158965_1	B.T. Renewal Work of Awala to Khari Road Length 5.80 km.	First	66.67
4.	2021_PWDRB_ 158966_1	B.T. Renewal Work of Ratibad to Berkhedi Road Length 3.250 km.	First	37.49
5.	2021_PWDRB_ 158967_1	B.T. Renewal Work of Sikandrabad to Semri Road Length 3.50 km.	First	40.31
6.	2021_PWDRB_ 158968_1	B.T. Renewal Work from Habibganj Naka to Prabhat Chouraha Raisen Road - i/c Chetak Bridge Approach Road - Length - 4.40-0.25--4.65 k.m. Width 2-10.00-20.00 m.	First	248.27
7.	2021_PWDRB_ 158969_1	B.T. Renewal Work from Piplani B-Sector to Khajuri Kalan Road Length - 3.620 km. Width - 7.00 m.	First	68.26
8.	2021_PWDRB_ 158970_1	B.T. Renewal of Raipur-Polasganj Road Length-3.500 km.	First	29.30
9.	2021_PWDRB_ 158971_1	B.T. Renewal of Barkheda Baramad, Charpahadi, Barri, Goalkunda to Imlachouli Length-6.600 km.	First	54.72
10.	2021_PWDRB_ 158972_1	B.T. Renewal of Berasia, Basai, Mankhyai to Kulhore Dungariya Road, Length-9.30 km.	First	76.12
11.	2021_PWDRB_ 158973_1	B.T. Renewal of Semara to Pouya Nalla Road, Length-10.90 km.	First	93.91
12.	2021_PWDRB_ 158974_1	B.T. Renewal of Berasia - Vidisha Marg to Bhourasa Arrawati Barkheda Baramad, Length-9.60 km.	First	79.82
13.	2021_PWDRB_ 158975_1	B.T. Renewal of Damkhedi-Bhattkhedi Road, Length-7.20 km.	First	70.54
14.	2021_PWDRB_ 158976_1	B.T. Renewal of Berasia Sironj Road to Kararia-Garethiya Road, Length-7.35 km.	First	61.18
15.	2021_PWDRB_ 158977_1	B.T. Renewal of Kadaiya Chamar, Richhai, Semara, Jajankhedi, Baksi to Dhutkhedi, Length-2.50 km.	First	20.99
16.	2021_PWDRB_ 158978_1	B.T. Renewal of NH-12 to CTO (Data Colony) Road, Bhopal Length 6.30 km.	First	182.39
17.	2021_PWDRB_ 158979_1	B.T. Renewal of Kala Darwaja to Babeali Benejeer Ground, Old D.P.I. Office, Lokaukt Office Road Length 4.00 km.	First	53.57
18.	2021_PWDRB_ 158980_1	B.T. Renewal Work of Barkhedi to Kushalpura Road Length 4.00 km.	First	53.57

The document can only be purchased online from the above website after making online payment. The last date & time for Purchase and Submission of document Online is **27.09.2021** upto 17.30 PM. Detailed NIT and other details can be viewed on the above mentioned portal. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper.

G-17015/45968/2021 EXECUTIVE ENGINEER, PWD (Maint.) Division No. 2, Bhopal

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई-मेल : ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक- 823/2021-22/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग **भोपाल, दिनांक : 13.09.2021**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 06.10.2021 को 17:30 तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2021_WRD _159466	अतिवृष्टि एवं बाढ़ से अम्बाह शाखा नहर ही आर.डी. 51694 मी. पर स्थित बरहाना नाला एस्केप चैनल में आर.डी. 0 से 4600 मी. में हुई क्षति का सुधार कार्य।	मुरैना	76.19
2.	2021_WRD _159467	अतिवृष्टि एवं बाढ़ से लालौर स्टॉप डेम में हुई क्षति का मरम्मत कार्य।	मुरैना	134.52
3.	2021_WRD _159483	शाहपुरिया ग्राम के पास पुलिया का निर्माण, माथनिया ग्राम के पास पुल का निर्माण और मोहनपुरा बांध के डूब से प्रभावित ग्रामों को जोड़ने वाली पुलियाओं का निर्माण कार्य।	राजगढ़	678.80

जी-17029/45972/2021 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग भ/प संभाग राजगढ़

निविदा सूचना क्रमांक 08/निविदा/2021-22 **राजगढ़, दिनांक : 13.09.2021**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

कार्य का नाम :- बी.टी. रिनीवल कार्य मण्डावर भैसाना मार्ग, सोनकच्छ पलासी बंजारी मार्ग, बोडा उमरी सेन्दरी मार्ग कुल लम्बाई 22.20 कि.मी.

स. क्र.	टेण्डर नं.	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि	कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि
1.	2021_PWDRB_ 159098_1	राजगढ़	बी.टी. रिन्यूवल	पांचवा	194.99	194990/-	4 माह वर्षाकाल रहित
कार्य का नाम :- बी.टी. पेच रिपेयर कार्य छापीहेड़ा नलखेड़ा मार्ग उपसंभाग खिलचीपुर।							
2.	2021_PWDRB_ 159127_1	राजगढ़	पेच रिपेयर	प्रथम	19.41	38820/-	4 माह वर्षाकाल सहित
कार्य का नाम :- पुल पुलिया मरम्मत कार्य भोजपुर, खिलचीपुर सेक्शन उपसंभाग खिलचीपुर।							
3.	2021_PWDRB_ 159147_1	राजगढ़	पुलिया मरम्मत कार्य	प्रथम	10.00	20000/-	4 माह वर्षाकाल सहित
कार्य का नाम :- पुल-पुलिया मरम्मत कार्य जीरापुर, छापीहेड़ा सेक्शन उपसंभाग खिलचीपुर।							
4.	2021_PWDRB_ 159159_1	राजगढ़	पुलिया मरम्मत कार्य	प्रथम	19.99	39980/-	4 माह वर्षाकाल सहित
कार्य का नाम :- बी.टी. पेच रिपेयर कार्य ब्यावरा एवं सुठालिया सेक्शन उपसंभाग राजगढ़।							
5.	2021_PWDRB_ 159161_1	राजगढ़	पेच रिपेयर	प्रथम	16.00	32000/-	4 माह वर्षाकाल सहित
कार्य का नाम :- पुल-पुलिया मरम्मत कार्य ब्यावरा एवं सुठालिया सेक्शन उपसंभाग राजगढ़।							
6.	2021_PWDRB_ 159164_1	राजगढ़	पुलिया मरम्मत कार्य	प्रथम	15.00	30000/-	4 माह वर्षाकाल सहित
कार्य का नाम :- पुल पुलिया मरम्मत कार्य उपसंभाग नरसिंहगढ़।							
7.	2021_PWDRB_ 159168_1	राजगढ़	पुलिया मरम्मत कार्य	प्रथम	15.00	30000/-	4 माह वर्षाकाल सहित
कार्य का नाम :- पुल पुलिया मरम्मत कार्य सेक्शन पचोर एवं कुरावर उपसंभाग नरसिंहगढ़।							
8.	2021_PWDRB_ 159172_1	राजगढ़	पुलिया मरम्मत कार्य	प्रथम	15.00	30000/-	4 माह वर्षाकाल सहित
कार्य का नाम :- बी.टी. पेच रिपेयर कार्य पचोर सेक्शन उपसंभाग नरसिंहगढ़।							
9.	2021_PWDRB_ 159175_1	राजगढ़	पेच रिपेयर	प्रथम	16.00	32000/-	4 माह वर्षाकाल सहित
कार्य का नाम :- बी.टी. पेच रिपेयर कार्य कुरावर सेक्शन उपसंभाग नरसिंहगढ़।							
10.	2021_PWDRB_ 159181_1	राजगढ़	पेच रिपेयर	प्रथम	17.00	34000/-	4 माह वर्षाकाल सहित
कार्य का नाम :- बी.टी./डब्ल्यू एम.एम. पेच रिपेयर कार्य सारंगपुर हेड क्वार्टर सेक्शन।							
11.	2021_PWDRB_ 159200_1	राजगढ़	पेच रिपेयर	प्रथम	17.00	34000/-	4 माह वर्षाकाल सहित
कार्य का नाम :- बी.टी./डब्ल्यू.एम.एम. पेच रिपेयर कार्य सेक्शन पडाना उपसंभाग सारंगपुर।							
12.	2021_PWDRB_ 159202_1	राजगढ़	पेच रिपेयर	प्रथम	16.00	32000/-	4 माह वर्षाकाल सहित
कार्य का नाम :- पुल-पुलिया मरम्मत कार्य सेक्शन खुजनेर उपसंभाग सारंगपुर।							
13.	2021_PWDRB_ 159204_1	राजगढ़	पुलिया मरम्मत कार्य	प्रथम	15.00	30000/-	4 माह वर्षाकाल सहित
कार्य का नाम :- पुल-पुलिया मरम्मत कार्य सेक्शन हेड क्वार्टर सारंगपुर उपसंभाग सारंगपुर।							
14.	2021_PWDRB_ 159206_1	राजगढ़	पुलिया मरम्मत कार्य	प्रथम	15.00	30000/-	4 माह वर्षाकाल सहित
कार्य का नाम :- पुल-पुलिया मरम्मत कार्य सेक्शन 1 एवं 02 उपसंभाग राजगढ़।							
15.	2021_PWDRB_ 159207_1	राजगढ़	पुलिया मरम्मत कार्य	प्रथम	15.00	30000/-	4 माह वर्षाकाल सहित
				योग -	**416.39**		

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम दिनांक 27.09.2021 सायं 17:30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

आमनत राशि एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन स्वीकार किये जावेंगे।

कार्यपालन यंत्री

जी-17023/45970/2021 **लोक निर्माण विभाग भ/प, संभाग-राजगढ़**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1, ग्वालियर

फोन नं. : 0751-2371231, ई-मेल : eepwdlgwl@mp.nic.in

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 24/टी.सी./डी-1 ग्वा./2021-22 **दिनांक : 08.09.2021**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नवीन प्रपत्र 2.10 पर आमंत्रण की सूचना क्र. 24 ग्वालियर दिनांक 08.09.2021 द्वारा प्रचलित भवन/पथ कार्यों की दर अनुसूची दिनांक 01.12.2020/29.08.2017 पर निविदायें लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार श्रेणी हेतु आमंत्रित की जाती हैं जिसका सम्पूर्ण विवरण **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। विभाग तकनीकी समस्याओं के लिए जिम्मेदार नहीं होगा एवं किन्ही कारणों से की जाने वाली परिवर्तन की सूचना वेबसाइट पर ही देखें पृथक से प्रकाशित नहीं की जावेगी।

स.क्र. एवं कार्य का नाम - 1. मुख्यालय उपसंभाग क्र. 2 ग्वालियर के अंतर्गत बी.टी. मेटल सप्लाई का कार्य।

टेन्डर आई.डी.	1. ठेके की अनु. लागत राशि रु. 2. अमानत राशि	टेण्डर फार्म की राशि (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	पंजीयन श्रेणी
2021_PWDRB_ 158894_1	1. 10.00 लाख 2. 20000/-	2000/- + पोर्टल चार्ज	04 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार

स.क्र. एवं कार्य का नाम - 2. मुख्यालय उपसंभाग क्र. 1 ग्वालियर के अंतर्गत बी.टी. मेटल सप्लाई का कार्य।

2021_PWDRB_ 158895_1	1. 10.00 लाख 2. 20000/-	2000/- + पोर्टल चार्ज	04 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार

स.क्र. एवं कार्य का नाम - 3. विशेष कार्य उपसंभाग ग्वालियर के अंतर्गत बी.टी. मेटल सप्लाई का कार्य।

2021_PWDRB_ 158896_1	1. 10.00 लाख 2. 20000/-	2000/- + पोर्टल चार्ज	04 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार

स.क्र. एवं कार्य का नाम - 4. डबरा उपसंभाग डबरा के अंतर्गत बी.टी. मेटल सप्लाई का कार्य।

2021_PWDRB_ 158897_1	1. 20.00 लाख 2. 40000/-	2000/- + पोर्टल चार्ज	04 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार

स.क्र. एवं कार्य का नाम - 5. पथ उपसंभाग ग्वालियर के अंतर्गत बी.टी. मेटल सप्लाई का कार्य।

2021_PWDRB_ 158898_1	1. 20.00 लाख 2. 40000/-	2000/- + पोर्टल चार्ज	04 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार

स.क्र. एवं कार्य का नाम - 6. डबरा उपसंभाग डबरा के अंतर्गत बी.टी. पेंच मरम्मत एवं डब्ल्यू.एम.एम. का कार्य एवं वी.आई.पी. प्रोग्राम हेतु हैलीपेड निर्माण एवं बैरिकेटिंग का कार्य।

2021_PWDRB_ 158899_1	1. 50.00 लाख 2. 50000/-	5000/- + पोर्टल चार्ज	04 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार

स.क्र. एवं कार्य का नाम - 7. विशेष कार्य उपसंभाग ग्वालियर के अंतर्गत बी.टी. पेंच मरम्मत एवं डब्ल्यू.एम.एम. का कार्य एवं वी.आई.पी. प्रोग्राम हेतु हैलीपेड निर्माण एवं बैरिकेटिंग का कार्य।

2021_PWDRB_ 158900_1	1. 50.00 लाख 2. 50000/-	5000/- + पोर्टल चार्ज	04 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार

स.क्र. एवं कार्य का नाम - 8. पथ उपसंभाग ग्वालियर के अंतर्गत बी.टी. पेंच मरम्मत एवं डब्ल्यू.एम.एम. का कार्य एवं वी.आई.पी. प्रोग्राम हेतु हैलीपेड निर्माण एवं बैरिकेटिंग का कार्य।

2021_PWDRB_ 158901_1	1. 50.00 लाख 2. 50000/-	5000/- + पोर्टल चार्ज	04 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार

स.क्र. एवं कार्य का नाम - 9. निर्माण उपसंभाग ग्वालियर के अंतर्गत बी.टी. पेंच मरम्मत एवं डब्ल्यू.एम.एम. का कार्य एवं वी.आई.पी प्रोग्राम हेतु हैलीपेड निर्माण एवं बैरिकेटिंग का कार्य।

2021_PWDRB_ 158902_1	1. 50.00 लाख 2. 50000/-	5000/- + पोर्टल चार्ज	04 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार

स.क्र. एवं कार्य का नाम - 10. मुख्यालय उपसंभाग क्र. 1 ग्वालियर के अंतर्गत बी.टी. पेंच मरम्मत एवं डब्ल्यू.एम.एम. का कार्य एवं वी.आई.पी. प्रोग्राम हेतु हैलीपेड निर्माण एवं बैरिकेटिंग कार्य।

2021_PWDRB_ 158903_1	1. 50.00 लाख 2. 50000/-	5000/- + पोर्टल चार्ज	04 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार

स.क्र. एवं कार्य का नाम - 11. मुख्यालय उपसंभाग क्र. 2 ग्वालियर के अंतर्गत बी.टी. पेंच मरम्मत एवं डब्ल्यू.एम.एम. का कार्य एवं वी.आई.पी. प्रोग्राम हेतु हैलीपेड निर्माण एवं बैरिकेटिंग कार्य।

2021_PWDRB_ 158904_1	1. 50.00 लाख 2. 50000/-	5000/- + पोर्टल चार्ज	04 माह वर्षाकाल सहित	लो.नि.वि. में पंजीकृत ठेकेदार

कुल कार्य संख्या - 11 (ग्यारह)

ऑनलाइन निविदा जारी व डाउनलोड करने की आरंभ तिथि - 10.09.2021 प्रातः 10.30

ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **27.09.2021** सायं 17.30

मूल धरोहर राशि मय कागजात जमा करने की तिथि - 28.09.2021 सायं 17.30

ऑनलाइन निविदा दर खुलने की तिथि 29.09.2021 प्रातः 10.30

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं तथा सम्पूर्ण जानकारी पोर्टल पर प्रापत कर सकते हैं।

कार्यपालन यंत्री

लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1

जी-17016/45969/2021 **ग्वालियर (म.प्र.), फोन 0751-2371231**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग, भोपाल

द्वितीय तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-05/2021-22/561 **भोपाल, दिनांक : 13.09.2021**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेंडरिंग के माध्यम से) www.mptenders.gov.in (Department-Directorate of Health Services) तीन लिफाफा पद्धति से प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी.आई.यू. **लोक निर्माण विभाग, भोपाल द्वारा भवन एवं विद्युतीकरण एस.ओ.आर. 01.12.2020 निविदा सूचना जारी होने तक** किये गये संशोधनों सहित एवं भारत शासन द्वारा प्रावधानित जी.एस.टी. की शर्तें लागू होंगी प्रपत्र 'अ' फॉर्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीवद्ध ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है, विवरण निम्नानुसार है-

निविदा आमंत्रण सूचना 05/2021-22 एवं दिनांक 13.09.2021

स. क्र.	टेंडर नं.	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	2021_DHS _157983	सिविल अस्पताल बेगमगंज जिला रायसेन में 50 बिस्तरीय से 100 बिस्तरीय भवन के साथ 04 एफ, 06 जी एवं 06 एच टाइप आवास गृह मय लिफ्ट, ऑक्सीजन पाइप लाइन एवं विकास कार्य सहित उन्नयन/निर्माण कार्य।	12,26,73,000/- (बारह करोड़ छब्बीस लाख तिहत्तर हजार मात्र)	24 माह वर्षाऋतु सहित

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **15.09.2021 10.30 प्रातः से 30.09.2021 17.30** बजे सायं तक क्रय किये जा सकते हैं। 3. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रों में नहीं।

कार्यपालन यंत्री

जी-17026/45971/2021 **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सतपुड़ा भवन, भोपाल, भोपाल संभाग**

स्नातक उपाधि के बाद अनेक शैक्षिक अवसर हैं इग्नू में

इग्नू दुनिया की सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी है। यह देश का एकमात्र विश्वविद्यालय है जो न केवल भारत में बल्कि दुनिया के कई अन्य हिस्सों में भी कार्यक्रम संचालित करता है। यह उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में अपनी अच्छी गुणवत्ता वाली शैक्षिक सामग्री के लिए राष्ट्रमंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। भारत में इसे हाल ही में "राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद" द्वारा A++ ग्रेड प्रदान किया गया है, जो भारत में विश्वविद्यालयों को दिया जाने वाला सर्वोच्च ग्रेड है। जुलाई 2021 के लिए इग्नू की प्रवेश प्रक्रिया वर्तमान में चल रही है।

इग्नू के शैक्षणिक कार्यक्रम बहुत ही रोचक और अपरंपरागत हैं। इनमें से अधिकतर कार्यक्रम अन्य विश्वविद्यालयों में उपलब्ध नहीं हैं। इन कार्यक्रमों के बारे में और अधिक दिलचस्प बात यह है कि इग्नू के कार्यक्रम बहुत ही अभिनव रूप से डिजाइन किए गए हैं और विभिन्न नवीन शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से पेश किए जाते हैं। यदि आपने हाल ही में अपनी स्नातक उपाधि पूरी की है, तो आप विभिन्न अकादमिक कार्यक्रमों के लिए इग्नू में संपर्क कर सकते हैं जो आपको कम खर्च पर पूरी तरह से नए शैक्षणिक क्षेत्रों में अवसर प्रदान करते हैं। जहां तक इग्नू के मास्टर डिग्री कार्यक्रमों का संबंध है, वे रोचक विषय क्षेत्रों में हैं जो आपको आमतौर पर अन्य शिक्षण संस्थानों में नहीं मिलेंगे। इग्नू में अध्ययन के कई नए क्षेत्र हैं। इन विषय क्षेत्रों में से कुछ का उल्लेख तालिका में किया गया है। इन कार्यक्रमों के बारे में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इनकी फीस बहुत कम है और आपको घर पर ही सबसे अच्छी अध्ययन सामग्री मिलेगी।

स्नातक के बाद अकादमिक कार्यक्रमों के कुछ प्रमुख क्षेत्र

इग्नू में कई शैक्षणिक कार्यक्रम हैं। ये कार्यक्रम बहुत ही रोचक विषय क्षेत्रों में हैं जो ज्यादातर अन्य विश्वविद्यालयों में उपलब्ध नहीं हैं। यद्यपि पारंपरिक विषयों में भी शैक्षणिक कार्यक्रम उपलब्ध हैं, फिर भी आपको बहुत सारे विकल्प मिलेंगे। छह महीने की अवधि, एक साल की अवधि और दो साल की अवधि के कई शैक्षणिक कार्यक्रम हैं, जो आपकी आवश्यकताओं के अनुरूप हो सकते हैं। इनकी जानकारी तालिका में दी गई है। ऐसे कई विषय क्षेत्र हैं जिनमें रोज़गार की अपार संभावनाएं हैं। इग्नू की विवरणिका भी वेबसाइट पर निःशुल्क उपलब्ध है। विवरणिका डाउनलोड करने के लिए कृपया नीचे दी गई लिंक को देखें। www.ignou.ac.in//userfiles/Common-Prospectus-English.pdf

इग्नू द्वारा कुछ नए प्रारंभ किए गए शैक्षणिक कार्यक्रम

इग्नू ने हाल ही में कई नए कार्यक्रम भी शुरू किए हैं, जिन्हें उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। इन नए प्रारंभ किए गए कार्यक्रमों में कुछ शैक्षणिक कार्यक्रम हैं: एमएससी (पर्यावरण विज्ञान), एमए (ज्योतिष), एमएससी (सूचना सुरक्षा), एमए (संस्कृत), एमए (उर्दू), डिजिटल मीडिया में डिप्लोमा, विकासात्मक संचार में डिप्लोमा, कम्युनिकेटिव संस्कृत में सर्टिफिकेट, मोबाइल ऐप डेवलपमेंट में सर्टिफिकेट आदि। इन कार्यक्रमों का विस्तृत पाठ्यक्रम, शुल्क, पात्रता और अन्य नियम और विनियम इग्नू की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

प्रवेश का निर्णय लेने से पहले

इग्नू के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि हमारी अध्ययन सामग्री, सेवाएं, प्रोस्पेक्टस, विस्तृत पाठ्यक्रम, मान्यताओं के बारे में जानकारी और पुराने प्रश्न पत्र हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आप हमारे होम पेज पर ई-ज्ञान कोष का वेब लिंक देख सकते हैं और फिर मुफ्त डाउनलोड के लिए उपलब्ध संसाधनों तक पहुंच सकते हैं। आप जिस कार्यक्रम में रुचि रखते हैं, आप ई-ज्ञान कोष के माध्यम से पाठ्यक्रम और अध्ययन केंद्र का पूरा विवरण देख सकते हैं और फिर तय कर सकते हैं कि सामग्री वास्तव में आपके लिए उपयोगी है या नहीं। आप चाहें तो शैक्षिक सामग्री देख सकते हैं और फिर अधिक जानकारी के लिए क्षेत्रीय केंद्र/अध्ययन केंद्र के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। इसके पश्चात् ही आप प्रवेश संबंधी निर्णय ले सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए कहां संपर्क करें?

इग्नू का मध्यप्रदेश में क्षेत्रीय केंद्रों और अध्ययन केंद्रों का नेटवर्क है। दो क्षेत्रीय केंद्र हैं, एक आरडीवीवी जबलपुर में और दूसरा 12, अरेरा हिल्स भोपाल में। प्रदेशभर में फैले इन क्षेत्रीय केंद्रों से जुड़े अध्ययन केंद्र हैं। आप संबंधित क्षेत्रीय केंद्र की वेबसाइट से अपने निकटतम अध्ययन केंद्र के संपर्क विवरण देख सकते हैं। हालांकि ध्यान दें कि अध्ययन केंद्र अंशकालिक कर्मचारियों द्वारा चलाए जा रहे हैं इसलिए अध्ययन केंद्र के पदाधिकारी निर्धारित कार्य समय के अनुसार उपलब्ध हैं। आपको सलाह दी जाती है कि आप www.ignou.ac.in पर इग्नू की वेबसाइट पर जाएं। अध्ययन केंद्रों के खुलने का समय वहां से देखा जा सकता है। यदि आपको कोई जानकारी की आवश्यकता है, तो आप कृपया सीधे क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। क्षेत्रीय केंद्र के सभी अधिकारियों के संपर्क विवरण भी हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इग्नू अकादमिक कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रसारित करने के लिए सक्रिय रूप से सोशल मीडिया का उपयोग कर रहा है। आप स्वयं को अपडेट रखने के लिए इग्नू को ट्वीटर, फेसबुक, पॉडकास्ट, इंस्टाग्राम आदि पर फॉलो कर सकते हैं।

- उमेश चंद्र पाण्डेय
वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल

कार्यक्रमों का स्तर	क्षेत्र जिनमें कार्यक्रम उपलब्ध हैं
दो साल की अवधि की स्नातकोत्तर डिग्री	सामान्य विषय क्षेत्र जैसे- हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू, लोक प्रशासन, राजनीति विज्ञान, इतिहास, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, मानव विज्ञान, दर्शन शास्त्र, व्यापार, गांधीवादी और शांति अध्ययन, एमबीए, पुस्तकालय और सूचना विज्ञान, ग्रामीण विकास, कंप्यूटर एप्लीकेशन, आहार विज्ञान और खाद्य सेवा प्रबंधन, परामर्श और परिवार चिकित्सा, सामाजिक कार्य, सामाजिक कार्य (परामर्श), शिक्षा, दूरस्थ शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा, पर्यटन और यात्रा प्रबंधन, पर्यावरण विज्ञान, लोक कथाएं और संस्कृति अध्ययन, विकास अध्ययन, महिलाएं और लिंग अध्ययन, लिंग और विकास अध्ययन, अनुवाद अध्ययन, कंप्यूटर विज्ञान में अनुप्रयोगों के साथ गणित, पत्रकारिता और जनसंचार, ड्राइंग और पेंटिंग, सूचना सुरक्षा आदि स्नाकतकोत्तर डिग्री।
एक वर्ष की अवधि के स्नातकोत्तर डिप्लोमा	डिप्लोमा इन मैनेजमेंट, फाइनेंस मैनेजमेंट, मार्केटिंग मैनेजमेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, ऑपरेशंस मैनेजमेंट, गांधीवादी और शांति अध्ययन, पुस्तकालय और सूचना विज्ञान, ग्रामीण विकास, कंप्यूटर एप्लीकेशन, आहार विज्ञान और खाद्य सेवा प्रबंधन, परामर्श और परिवार चिकित्सा, सामाजिक कार्य, सामाजिक कार्य (परामर्श), दूरस्थ शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा, उच्च शिक्षा, विकास अध्ययन, महिलाएं और लिंग अध्ययन, लिंग और विकास अध्ययन, अनुवाद अध्ययन, पत्रकारिता और जनसंचार, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संचालन, पर्यावरण और सतत् विकास, सांख्यिकी, विश्लेषणात्मक रसायन, आपदा प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, शैक्षिक तकनीक, स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन, शैक्षिक प्रबंधन और प्रशासन, पूर्व प्राथमिक शिक्षा, शहरी नियोजन और विकास, पशु कल्याण, कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, ऑडियो कार्यक्रम उत्पादन, खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता प्रबंधन, सूचना सुरक्षा, दवा बिक्री प्रबंधन, बौद्धिक संपदा अधिकार, आपराधिक न्याय, पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य, लोक कथाएं और संस्कृति अध्ययन, स्थिरता विज्ञान, पुस्तक प्रकाशन, सामाजिक कार्य परामर्श, स्वास्थ्य और अस्पताल प्रबंधन, वृद्ध-संबंधी स्वास्थ्य, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, एचआईवी दवा।
6 महीने की अवधि के स्नातकोत्तर प्रमाण पत्र	साइबर कानून, पेटेंट, जलवायु परिवर्तन, भू सूचना विज्ञान, विद्युत वितरण प्रबंधन, औद्योगिक सुरक्षा, इंजीनियरों के लिए इन्वेंट्री प्लानिंग और वेयर हाउसिंग, कृषि नीति, गांधीवाद और शांति अध्ययन, प्रौढ़ शिक्षा, नेत्रहीनों के प्रशिक्षकों के लिए सूचना और सहायक प्रौद्योगिकियां, बांग्ला-हिंदी अनुवाद, मलयालम-हिंदी अनुवाद, CBRNE आपदाओं का चिकित्सा प्रबंधन।
वे सभी प्रमाण पत्र/ डिप्लोमा कार्यक्रम जिनके लिए पात्रता 10+2 है	10+2 योग्यता के बाद इग्नू के कार्यक्रमों के बारे में "रोज़गार और निर्माण" में 13 सितंबर 2021 के अंक में प्रकाशित लेख पढ़ें।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सामान्य ज्ञान - खेल

1. **इनमें से कौन-सा देश वर्ष 2022 में आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप की मेजबानी करेगा?**
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) न्यूजीलैंड
(स) दक्षिण अफ्रीका
(द) मलेशिया

2. **कनाडा की बियांका आंद्रेस्क्यू किस खेल की खिलाड़ी हैं?**
(अ) आईस हॉकी (ब) टेनिस
(स) जिम्नास्टिक (द) वॉलीबॉल

3. **इनमें से कौन-सी महिला पहलवान अब मिक्स्ड मार्शल आर्ट में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं?**
(अ) रितु फोगाट
(ब) साक्षी मलिक
(स) सीमा बिस्ला
(द) इनमें से कोई नहीं

4. **भाविनी पटेल ने टोक्यो पैरालंपिक में किस खेल में रजत पदक जीता है?**
(अ) तीरंदाजी (ब) बैडमिंटन
(स) टेबल टेनिस (द) तैराकी

5. **औबेदुल्ला खां गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किस शहर में किया जाता है?**
(अ) श्रीनगर (ब) हैदराबाद
(स) लखनऊ (द) भोपाल

6. **वर्ष 1976 में ओलिंपिक खेल किस देश में आयोजित किए गए थे?**
(अ) कनाडा (ब) अमेरिका
(स) जर्मनी (द) ब्राजील

7. **इनमें से किस खिलाड़ी ने वर्ष 2019 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में महिला एकल वर्ग का खिताब जीता था?**
(अ) विक्टोरिया अजारेंका
(ब) सोफिया केनिन
(स) एंजेलिक कर्बर
(द) नाओमी ओसाका

8. **अमेरिकी तैराक सेलेब ड्रेसल ने टोक्यो ओलिंपिक में कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?**
(अ) चार (ब) पांच
(स) सात (द) इनमें से कोई नहीं

9. **वर्ष 2019 में वर्ल्ड रेसलिंग चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित की गई थी?**
(अ) जापान (ब) बुल्गारिया
(स) कजाकिस्तान (द) ईरान

10. **स्टार फुटबॉलर किलियन एमबापे किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) फ्रांस (ब) स्पेन
(स) क्रोएशिया (द) इटली

11. **इनमें से किस खिलाड़ी के नाम सबसे ज्यादा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने का रिकॉर्ड है?**
(अ) रोहित शर्मा
(ब) शोएब मलिक
(स) डेविड वॉर्नर
(द) इयोन मोर्गन

12. **वर्ष 2009 में इनमें से किस खिलाड़ी ने फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप जीती थी?**
(अ) जेंसन बटन
(ब) किमि राइकोनेन
(स) फर्नांडो अलोंसो
(द) सबेस्टियन वेटल

13. **आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्डकप का पहला संस्करण किस देश ने जीता है?**
(अ) न्यूजीलैंड (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) पाकिस्तान (द) श्रीलंका

14. **टोक्यो ओलिंपिक में किस खिलाड़ी ने टेनिस में पुरुष एकल वर्ग का स्वर्ण पदक जीता है?**
(अ) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
(ब) डेनिल मेदवेदेव
(स) एंडी मरे
(द) कारेन खाचानोव

15. **वर्ष 2018 में किस टीम ने आईपीएल का खिताब अपने नाम किया था?**
(अ) मुंबई इंडियंस
(ब) सनराइजर्स हैदराबाद
(स) चेन्नई सुपर किंग्स
(द) कोलकाता नाइटराइडर्स

16. **लियोनल मेसी ने बार्सिलोना को छोड़कर किस क्लब के साथ खेलने का करार किया है?**
(अ) मैनचेस्टर यूनाइटेड
(ब) बायर्न म्युनिख
(स) रियल मैड्रिड
(द) पेरिस सेंट जर्मेन

17. **महिला टेनिस खिलाड़ी एरीना सबालेंका किस देश का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) स्विट्जरलैंड (ब) यूक्रेन
(स) बेलारूस (द) कनाडा

18. **दुती चंद एथेलेटिक्स की किस स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) चक्का फेंक (ब) फर्राटा दौड़
(स) लंबी कूद (द) मैराथन दौड़

19. **इनमें से किस खेल को टोक्यो ओलिंपिक में पहली बार शामिल किया गया है?**
(अ) सर्फिंग (ब) गोल्फ
(स) हैंडबॉल (द) सॉफ्टबॉल

20. **वर्ष 2017 में फ्रेंच ओपन में पुरुष एकल वर्ग के चैम्पियन बने थे?**
(अ) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
(ब) नोवाक जोकोविच
(स) रोजर फेडरर
(द) राफेल नडाल

21. **वर्ष 2019 में इनमें से किस खिलाड़ी ने एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीता था?**
(अ) मनप्रीत सिंह
(ब) ऑर्थर वान डोरेन
(स) अरान जालेवस्की
(द) लुकास विला

22. **ली चोंग वेई किस देश के दिग्गज बैडमिंटन प्लेयर हैं?**
(अ) चीन (ब) दक्षिण कोरिया
(स) मलेशिया (द) जापान

23. **टेस्ट क्रिकेट में एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं?**
(अ) मुथैया मुरलीधरन
(ब) जेम्स एंडरसन
(स) अनिल कुंबले
(द) शेन वॉर्न

24. **एलेन प्रोस्ट ने कितनी बार फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप जीती है?**
(अ) चार बार (ब) पांच बार
(स) सात बार
(द) इनमें से कोई नहीं

25. **वर्ष 2017 में वर्ल्ड एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप कहां आयोजित की गई थी?**
(अ) दोहा (ब) लंदन
(स) बुडापेस्ट (द) मॉस्को

उत्तर

1. (अ), 2. (ब), 3. (अ), 4. (स), 5. (द), 6. (अ), 7. (द), 8. (ब), 9. (स), 10. (अ), 11. (ब), 12. (अ), 13. (ब), 14. (अ), 15. (स), 16. (द), 17. (स), 18. (ब), 19. (अ), 20. (द), 21. (अ), 22. (स), 23. (द), 24. (अ), 25. (ब)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

डेनियल रिकियार्डो ने जीती इटैलियन ग्रांप्री

मोंजा, ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी कार रेसर डेनियल रिकियार्डो ने इटैलियन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस का खिताब अपने नाम किया है। 53 लैप की इटैलियन ग्रांप्री रेस को मैक्लेरेन टीम के रिकियार्डो ने एक घंटा 21 मिनट और 54.365 सेकेंड में पूरा किया। इस रेस में रिकियार्डो के टीम साथी लेंडो नॉरिस दूसरे, वाल्टेरी बोटास तीसरे, चार्ल्स लेकलर्क चौथे तथा सर्जियो पेरेज पांचवें स्थान पर रहे। रेस के दौरान आगे चल रहे मैक्स वर्स्टापेन और लुईस हैमिल्टन की कारें आपस में टकरा गईं और दोनों खिलाड़ी रेस से बाहर हो गये। रिकियार्डो ने इस स्थिति का शानदार फायदा उठाया और रेस अपने नाम की। ये रिकियार्डो के कॅरियर की आठवीं जीत है।

मोहम्मद नबी बने अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान

काबुल, संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में आयोजित होने वाले आईसीसी ट्वेंटी-20 क्रिकेट विश्वकप में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम की कमान मोहम्मद नबी संभालेंगे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने विश्वकप के लिये 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। टीम की घोषणा के बाद कप्तान राशिद खान ने सभी को चौंकाते हुये कप्तानी से इस्तीफा दे दिया। राशिद ने आरोप लगाया कि टीम के चयन में उनकी सहमति नहीं ली गई है। इसके बाद एसीबी ने मोहम्मद नबी को टीम का कप्तान घोषित किया। नबी पहले भी अफगानिस्तान की टीम की कमान संभाल चुके हैं। नबी ने अफगानिस्तान के लिये 127 वन-डे मैचों में 2817 रन बनाये, जबकि 132 विकेट लिये हैं। वहीं ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 1396 रन और 72 विकेट लिये हैं। नबी ने 3 टेस्ट मैच भी खेले हैं।

हेडन और फिलेंडर बने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कोच

कराची, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच तथा दक्षिण अफ्रीका के पूर्व गेंदबाज वर्नोन फिलेंडर को गेंदबाज कोच नियुक्त किया है। इन दोनों खिलाड़ियों की नियुक्ति आगामी आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप को देखते हुये की गई है। ये दोनों खिलाड़ी पूर्व कोच मिस्बाह उल हक और वकार यूनिस की जगह लेंगे। पीसीबी के नवनियुक्त अध्यक्ष रमीज रजा ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम को एक नई दिशा की जरूरत है।

लसिथ मलिंगा ने लिया क्रिकेट से संन्यास

कोलंबो, श्रीलंका के तेज गेंदबाज और पूर्व कप्तान लसिथ मलिंगा ने क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने हाल ही में आईसीसी ट्वेंटी-20 क्रिकेट विश्वकप के लिये टीम घोषित की है। टीम में मलिंगा का चयन नहीं हुआ है। इसके बाद मलिंगा ने ट्वेंटी-20 क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। मलिंगा वन-डे और टेस्ट क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके थे। मलिंगा के नाम 84 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा 107 विकेट लेने का रिकॉर्ड है। मलिंगा की कप्तानी में श्रीलंका ने वर्ष 2014 में आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप जीता था। मलिंगा 226 वन-डे मैचों में 338 तथा 30 टेस्ट मैचों में 101 विकेट ले चुके हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दो बार चार गेंदों में चार विकेट लिये हैं।

यूएस ओपन

डेनिल मेदवेदेव ने पहली बार जीता ग्रैंड स्लैम खिताब

न्यूयार्क, रूस के युवा टेनिस खिलाड़ी डेनिल मेदवेदेव ने विश्व के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के टेनिस का कैलेंडर स्लैम जीतने का सपना तोड़ दिया है। मेदवेदेव ने जोकोविच को वर्ष के आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन में हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। जोकोविच कैलेंडर स्लैम पूरा करने से महज एक कदम से चूक गये।

फाइनल में टिक नहीं सके जोकोविच

सेमीफाइनल में एलेक्जेंडर ज्वेरेव जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी को हराने वाले नोवाक जोकोविच को फाइनल में जीत का दावेदार माना जा रहा था, लेकिन रूसी खिलाड़ी ने फाइनल में न सिर्फ जोकोविच की बादशाहत को टक्कर दी, बल्कि जोकोविच को सीधे सेटों में आसानी से हरा दिया। मेदवेदेव ने यह मुकाबला 6-4, 6-4, 6-4 से जीता। जोकोविच पूरे मैच के दौरान कभी भी मेदवेदेव के खिलाफ प्रभावी नजर नहीं आये। जोकोविच ने मैच के दौरान कई डबल फॉल्ट्स किये और ब्रेक प्वाइंट भी भुना नहीं पाये।

खिताब जीतने के बाद मेदवेदेव ने कहा कि यह मेरा पहला ग्रैंड स्लैम है। यह मेरे लिये काफी मायने रखता है। मुझे हमेशा से पता था कि ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के लिये मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मेदवेदेव वर्ष 2019 में भी यूएस

ओपन के फाइनल में पहुंचे थे, तब उन्हें राफेल नडाल के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

महिला वर्ग में राडुकानू बनीं चैंपियन

ब्रिटेन की नवोदित टेनिस खिलाड़ी एमा राडुकानू ने यूएस ओपन में महिला एकल वर्ग का खिताब अपने नाम किया है। राडुकानू ने फाइनल मुकाबले में कनाडा की लेलाह फर्नांडेज को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से हराया। यूएस ओपन में महिला एकल वर्ग के फाइनल में जगह बनाने वाली दोनों खिलाड़ी 20 वर्ष से कम आयु की थीं। राडुकानू महज 18 वर्ष की थीं, जबकि फर्नांडेज 19 वर्षीय हैं। इससे पहले वर्ष 1999 में यूएस ओपन के फाइनल में दो युवा खिलाड़ी आमने-सामने थीं। राडुकानू ने यूएस ओपन में क्वालिफायर खेलकर जगह बनाई थी। उन्होंने यूएस ओपन में एक भी सेट नहीं गंवाया।

- **नोवाक जोकोविच ने इस वर्ष ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रैंच ओपन और विम्बलडन में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीता है।**
- **जोकोविच अगर यूएस ओपन जीत जाते तो वे कैलेंडर स्लैम पूरा करने वाले तीसरे टेनिस खिलाड़ी बन जाते।**
- **अब तक ओपन एरा में रॉड लेवर (वर्ष 1962 और 1969) तथा स्टेफी ग्राफ (वर्ष 1988) ही कैलेंडर स्लैम जीत चुके हैं।**
- **वर्ष 2004 के बाद यह पहला अवसर है, जब किसी ग्रैंड स्लैम में पुरुष और महिला वर्ग में नये चैंपियन बने हैं।**
- **वर्ष 2004 में फ्रैंच ओपन में गेस्तोन गाडियो पुरुष वर्ग में तथा अनास्तासिया मिस्कीना महिला वर्ग में पहली बार चैंपियन बने थे।**
- **डेनिल मेदवेदेव 21 वर्ष बाद यूएस ओपन जीतने वाले पहले रूसी खिलाड़ी हैं।**
- **उनसे पहले वर्ष 2000 में मरात साफिन ने यूएस ओपन जीता था।**
- **एमा राडुकानू पिछले 53 वर्षों में यूएस ओपन जीतने वाली पहली ब्रिटिश महिला खिलाड़ी हैं।**

दक्षिण अफ्रीका दौरे पर तीन टेस्ट मैच खेलेगा भारत

मुंबई, भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी ट्वेंटी-20 क्रिकेट विश्वकप के बाद दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगी। यह दौरा दिसम्बर 2021 से जनवरी 2022 तक चलेगा। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने इस दौरे का कार्यक्रम घोषित किया। भारतीय टीम इस दौरे पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 टेस्ट, 3 वन-डे और 4 ट्वेंटी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी। भारतीय क्रिकेट टीम को सितम्बर 2021 में ट्वेंटी-20 सीरीज के लिये दक्षिण अफ्रीका का दौरा करना था, लेकिन आईपीएल के दूसरे चरण के कारण इस सीरीज को टाल दिया गया था।

अमेरिका के जसकरन ने एक ओवर में लगाए छह छक्के

ओमान, अमेरिकी क्रिकेट टीम के बल्लेबाज जसकरन मल्होत्रा ने वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने का कारनामा किया है। जसकरन ने पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ मैच में गेंदबाज गॉडी तोका के ओवर में छह गेंदों में छह छक्के लगाये। जसकरन ने अमेरिकी पारी के 50वें ओवर में यह कारनामा किया। जसकरन ने मैच में 124 गेंदों में 173 रनों की पारी खेली। इस पारी के बदौलत अमेरिका ने 50 ओवरों में 271 रन बनाये। इसके जवाब में पापुआ न्यू गिनी की टीम 137 रनों पर ऑलआउट हो गई। जसकरन वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले विश्व के दूसरे क्रिकेटर हैं, उनसे पहले दक्षिण अफ्रीका के हर्शल गिब्स वर्ष 2007 में नीदरलैंड्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

कोरोना के कारण भारत और इंग्लैंड का पांचवां टेस्ट हुआ स्थगित

मैनचेस्टर, भारत और इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान में खेला जाने वाला पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच रद्द कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री और कोचिंग स्टाफ के कई सदस्यों को कोरोना संक्रमण होने के बाद खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को देखते हुये मैच रद्द किया गया है।

इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने पांचवें टेस्ट मैच को रद्द किये जाने के बाद कहा कि बीसीसीआई के साथ बातचीत के बाद मैनचेस्टर टेस्ट को रद्द किया गया है। ईसीबी ने कहा कि कोचिंग स्टाफ में कोरोना संक्रमण फैलने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने मैच खेलने में असमर्थता जताई थी।

सीरीज में भारत 2-1 से आगे

पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम 2-1 से आगे चल रही है। सीरीज का पहला मैच ड्रॉ रहा था। इसके बाद भारत ने लॉर्ड्स में सीरीज का दूसरा तथा हेडिंग्ले में सीरीज का चौथा मैच जीता था, वहीं इंग्लैण्ड ने लीड्स में सीरीज का तीसरा मैच जीता था।

वर्ष 2022 में आयोजित होगा पांचवां टेस्ट

टेस्ट सीरीज का पांचवां टेस्ट मैच वर्ष 2022 में आयोजित किया जा सकता है। दरअसल भारतीय क्रिकेट टीम को अगले वर्ष जुलाई में तीन ट्वेंटी-20 तथा तीन वन-डे मैचों की सीरीज खेलने के लिये इंग्लैंड का दौरा करना है। बीसीसीआई इस दौरान टेस्ट सीरीज का बचा हुआ पांचवां मैच आयोजित कराना चाहता है। बीसीसीआई की इस संबंध में ईसीबी के साथ बातचीत चल रही है।

बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि हम चाहते हैं कि सीरीज पूरी हो जाये, क्योंकि यह हमारी (इंग्लैंड में) वर्ष 2007 के बाद पहली सीरीज जीत होगी। उन्होंने कहा कि क्रिकेट का वास्तविक प्रारूप टेस्ट है और इससे किसी भी स्थिति में समझौता नहीं किया जायेगा।

बांग्लादेश ने पहली बार न्यूजीलैंड से जीती ट्वेंटी-20 सीरीज

ढाका, ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बांग्लादेश का बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया के बाद अब न्यूजीलैंड को भी ट्वेंटी-20 सीरीज में पटखनी दी है। बांग्लादेश ने न्यूजीलैंड को पांच मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज में 3-2 से हराया। बांग्लादेश ने सीरीज के पहले दो मैच जीतकर न्यूजीलैंड पर बढ़त बना ली थी। इसके बाद चौथा मैच जीतकर सीरीज पर कब्जा कर लिया।

आखिरी मैच जीतकर न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश के जश्न को फीका कर दिया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में यह पहला अवसर है, जब बांग्लादेश ने ट्वेंटी-20 में न्यूजीलैंड को हराया है। सीरीज के पांचवें और अंतिम मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। न्यूजीलैंड ने सलामी बल्लेबाजी फिन एलेन (41) और कप्तान टॉम लॉथम (50) की शानदार पारी के बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 161 रन बनाये

जीत के लिये मिले 162 रनों के लक्ष्य के जवाब में बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी रही। सलामी बल्लेबाज मोहम्मद नईम (23) और लिटन दास (10) ने टीम को अच्छी शुरुआत दी। इन दोनों के आउट होने के बाद पारी लड़खड़ा गई। इसके बाद अफीफ हुसैन (49) और महमुदुल्लाह (23) ने पारी को संभाला, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाये। बांग्लादेश की टीम 8 विकेट खोकर 134 रन ही बना सकी और लक्ष्य से 27 रन दूर रह गई।

जो रूट

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने

दुबई, भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के कप्तान जो रूट को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) ने अगस्त माह के लिये सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना है। आईसीसी ने अगस्त माह के लिये प्लेयर ऑफ मंथ अवॉर्ड के लिये जो रूट के अलावा भारत के जसप्रीत बुमराह और पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी को भी नामांकित किया था।

रूट ने की शानदार बल्लेबाजी

रूट ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में शानदार बल्लेबाजी की थी। रूट ने इस सीरीज के चार मैचों में 94 की औसत से 564 रन बनाये। रूट ने इस सीरीज में 3 शतक और एक अर्धशतक भी बनाया है। रूट इस सीरीज के टॉप रन स्कोरर हैं। रूट के बाद रोहित शर्मा ने

368 रन बनाये हैं। इस टेस्ट सीरीज के दौरान भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है। बुमराह ने 4 मैचों में 18 विकेट लिये। बुमराह की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने इस सीरीज में बढ़त हासिल की है। वहीं पाकिस्तान के गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की सीरीज में 18 विकेट चटकाये हैं।

महिला वर्ग में इमिएर बनीं विजेता

महिला वर्ग में आयरलैंड की गेंदबाज इमिएर रिचर्ड्सन ने आईसीसी वूमेन प्लेयर ऑफ द मंथ का का अवॉर्ड जीता है। इस अवॉर्ड के लिये इमिएट के अलावा गैबी लुईस और नताया बूचाथम को भी नामांकित किया गया था। इमिएट ने आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप यूरोप क्वालिफायर में शानदार प्रदर्शन किया था। टूर्नामेंट में इमिएट गेंद और बल्ले दोनों से लाजवाब प्रदर्शन कर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनी थीं।

- **आईसीसी प्रति माह शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड देती है।**
- **अब तक तीन भारतीय खिलाड़ी यह अवॉर्ड जीत चुके हैं।**

रणधीर सिंह बने एशियाई ओलिंपिक परिषद् के कार्यकारी अध्यक्ष

नई दिल्ली, भारत के खेल प्रशासक और पूर्व ओलिंपियन रणधीर सिंह को एशियाई ओलिंपिक परिषद् (ओसीए) का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे शेख अहमद अल फहद अल सबाह की जगह लेंगे। शेख अहमद को जिनेवा की एक अदालत ने जालसाजी का दोषी पाया है, जिसके बाद शेख अहमद को ओसीए के अध्यक्ष पद से हटाया गया है। पांच बार के ओलिंपियन निशानेबाज रह चुके रणधीर सिंह वर्ष 1991 से 2015 तक ओसीए के महासचिव रह चुके हैं। रणधीर अभी ओसीए के मानद आजीवन उपाध्यक्ष हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

भारत और सूडान के समुद्री जहाजों ने युद्धाभ्यास किया

भारत और सूडान की नौसेनाओं ने 10 सितंबर को सूडान तट से दूर लाल सागर में युद्धाभ्यास किया। इस युद्धाभ्यास में आईएनएस ताबर और सूडान के दो समुद्री जहाजों अल्माज और निमर ने हिस्सा लिया। नौसेना ने बताया कि यह युद्धाभ्यास यूरोप और अफ्रीका में समुद्री सैन्य तैयारियों का हिस्सा था। इसके तहत आईएनएस ताबर ने सूडानी नौसेना के जहाजों के साथ अभ्यास किया। नौसेना ने बताया कि इस युद्धाभ्यास का मकसद दोनों देशों की सेनाओं के बीच सामंजस्य स्थापित करना था, जिसमें कई सैन्य गतिविधियां शामिल थीं। इस दौरान समुद्री गश्ती, ऑपरेशन, संदिग्ध जहाजों को रोकने और समुद्री संचार प्रक्रिया का अभ्यास किया गया।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

हम विश्व की उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिये एक प्रभावशाली आवाज हैं : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि ब्रिक्स ने बहुपक्षीय व्यवस्था की

- **2016 में प्रधानमंत्री मोदी ने गोवा शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की थी।**
- **कोविड-19 के बावजूद 150 से अधिक बैठकें और कार्यक्रम आयोजित किए गए।**

मजबूती और सुधार पर एक साझा रुख अपनाया। डेढ़ दशक में ब्रिक्स ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। आज हम विश्व की उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक प्रभावकारी आवाज हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकासशील देशों की प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी यह मंच उपयोगी रहा है। उन्होंने कहा, ब्रिक्स ने न्यू डेव्हलपमेंट बैंक और एनर्जी रिसर्च

कॉर्पोरेशन जैसे प्लेटफॉर्म शुरू किए हैं। गर्व करने के लिए हमारे पास बहुत कुछ है। यह भी जरूरी है कि हम आत्मसंतुष्ट न हों। यह सुनिश्चित करना है कि ब्रिक्स अगले 15 वर्षों में और परिणामदायी हो। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी अध्यक्षता के लिए जो विषयवस्तु चुनी है, वह इसी प्राथमिकता को दर्शाती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले ब्रिक्स डिजिटल स्वास्थ्य सम्मेलन का आयोजन हुआ था। तकनीक की मदद से स्वास्थ्य तक पहुंच बढ़ाने के लिए यह एक नया कदम है। नवंबर में हमारे जल संसाधन मंत्री ब्रिक्स प्रारूप में पहली बार मिलेंगे।

श्री मोदी ने कहा कि कोविड-19 के बावजूद ब्रिक्स की 150 से अधिक बैठकें और कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें से 20 से अधिक मंत्री स्तर पर थे।

इस दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि हमने एक-दूसरे से बातचीत का मजबूत रास्ता निकाला। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि अफगानिस्तान की जमीन आतंक का स्रोत और पड़ोसियों के लिए खतरा नहीं बनना चाहिए।

रूस में आयोजित

मल्टीनेशनल मिलिट्री एक्सरसाइज, भारतीय सेना ने लिया हिस्सा

आतंकियों के खिलाफ बड़े ऑपरेशन की ड्रिल के लिए रूस में आयोजित मल्टीनेशनल मिलिट्री एक्सरसाइज, जैपेड-21 आयोजित की गई। फाइनल रिहर्सल से पहले रूस के नेजहनी में भारतीय सेना सहित सभी एक दर्जन देशों की सैन्य टुकड़ियों ने हेली-बॉर्न ड्रिल में हिस्सा लिया। इस ड्रिल में स्वार्म-हेलीकॉप्टर के जरिए आतंकियों के खिलाफ मुहिम छेड़ने का अभ्यास किया गया।

स्वार्म ऑफ हेलीकॉप्टर यानी टिड्डी दल की तरह दिखते हेलीकॉप्टर में भारतीय सेना की नागा रेजीमेंट के घातक कमांडो ने स्लिथरिंग यानी रस्सी के सहारे हेलीकॉप्टर से दुश्मन के इलाके में उतरने का अभ्यास किया। हेलीकॉप्टर्स से ही मिलिट्री-व्हीकल और दूसरे सैन्य साजो सामान को युद्ध के

मैदान में उतारा गया। रूस के नेजहनी में आयोजित जैपेड एक्सरसाइज रूस की थियेटर-लेवल एक्सरसाइज है। इसमें आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन्स का अभ्यास किया गया। यूरेशिया और दक्षिण एशिया की एक दर्जन से ज्यादा देशों की सेनाएं युद्धाभ्यास में हिस्सा लिया। इनमें रूस, भारत के अलावा बेलारूस, कजाकिस्तान, श्रीलंका और म्यांमार जैसे देशों की सेनाएं शामिल थीं। चीन और पाकिस्तान के ऑब्जर्वर ने भी इसमें हिस्सा लिया।

9-11 हमला

आतंकवादी लोकतंत्र में भरोसे को डिगाने में असफल रहे - ब्रिटिश पीएम

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा कि अमेरिका पर 9-11 के हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादी स्वतंत्रता और

- **आतंकवाद का खतरा संभवतः खत्म नहीं हुआ है, लेकिन लोगों ने 'स्थायी भय' के माहौल में रहने से इनकार कर दिया है।**

लोकतंत्र पर से भरोसा डिगाने में असफल रहे। उन्होंने यह बात 9-11 हमले की 20वीं बरसी के अवसर पर कही।

जॉनसन ने ट्विटर पर दिए संदेश में कहा कि आतंकवाद का खतरा संभवतः खत्म नहीं हुआ है, लेकिन लोगों ने 'स्थायी भय' के माहौल में रहने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा, 'आज हम उन 2,977 लोगों को याद कर रहे हैं,

जिन्हें 11 सितंबर, 2001 को हुए हमले में हमसे छीन लिया गया।' ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा, 'आतंकवादियों ने दुःख और पीड़ा का बोझ डाला, लेकिन हम अब गत् 20 साल के संदर्भ में देख सकते हैं कि वे हमारे आजादी और लोकतंत्र के प्रति विश्वास को डिगाने में असफल रहे हैं।' ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने 20 साल पहले हुए हमले के पीड़ितों, बचे लोगों और प्रभावित परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को भेजे संदेश में 95 वर्षीय महारानी ने कहा, "मेरी संवेदनाएं और प्रार्थना मेरे परिवार और पूरे देश की ओर से उन पीड़ितों, बचे लोगों और प्रभावित परिवारों के साथ है। इसके साथ-साथ सबसे पहले बचाव कार्य करने गए बचाव कर्मियों के साथ भी।" महारानी ने कहा, "वर्ष 2010 में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के स्थान पर किया गया दौरा मेरे स्मरण में अब भी ताजा है।

उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण के बाद जापान अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने की बैठक

जापान, अमेरिका और दक्षिण कोरिया के वरिष्ठ राजनयिकों ने उत्तर कोरिया की मिसाइल तथा उसके परमाणु कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण करने की उत्तर कोरिया की घोषणा के एक दिन बाद यह बैठक की गई। इस बैठक में उत्तर कोरिया पर नीति के लिए अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि सुंग किम, कोरियाई प्रायद्वीप शांति एवं सुरक्षा मामलों के लिए दक्षिण कोरिया के विशेष प्रतिनिधि नोह क्यू-डुक और एशियाई एवं महासागरीय मामलों के लिए जापान के महानिदेशक ताकेहिरो फुनाकोशी शामिल हुए।

जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण से पहले ही त्रिपक्षीय बैठक तय थी, लेकिन उसके बाद यह बैठक "तीन देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग की पुनः पुष्टि करने और नवीनतम उत्तर कोरियाई स्थिति पर चर्चा करने का एक अच्छा अवसर" होगी।

जापान के अधिकारियों और कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया का सप्ताहांत में किया मिसाइल परीक्षण क्षेत्र के लिए एक "नया खतरा" है।

'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया था कि क्रूज मिसाइल विकसित करने का काम बीते दो साल से चल रहा था और परीक्षण के दौरान उसने 1,500 किलोमीटर दूर स्थित लक्ष्य पर मार करने की क्षमता का प्रदर्शन किया। उत्तर कोरिया ने नई मिसाइलों को "बेहद महत्वपूर्ण सामरिक हथियार" बताया जो सेना को मजबूत करने के देश के नेता किम जोंग-उन के आह्वान के अनुरूप है।

अमेरिका ने सऊदी अरब से मिसाइल रक्षा प्रणाली हटाई

अमेरिका ने सऊदी अरब से अति आधुनिक मिसाइल रक्षा प्रणाली को हटा लिया है। यह ऐसे समय में हो रहा है, जब

- **एक बयान में, सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने अमेरिकी मिसाइल रक्षा प्रणाली की वापसी की बात स्वीकार करने के बाद भी अमेरिका के साथ देश के संबंध को मजबूत, दीर्घकालिक और ऐतिहासिक बताया और कहा कि सऊदी की सेना अपनी जमीन, समुद्र और हवाई क्षेत्र तथा लोगों की रक्षा करने में सक्षम है।**

देश यमन के हुती विद्रोहियों से लगातार हवाई हमले का सामना कर रहा है। उपग्रह की तस्वीरों के विश्लेषण से यह जानकारी हासिल हुई।

ज्ञात रहे कि रियाद के बाहर प्रिंस सुल्तान एयर बेस से सुरक्षा प्रणाली को

हटाने का यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ जब अमेरिका के खाड़ी अरब सहयोगियों ने अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की अफरा-तफरी वाले माहौल में वापसी देखी है। ईरान का मुकाबला करने के लिए अरब प्रायद्वीप में हजारों अमेरिकी सैनिक बने हुए हैं। खाड़ी देशों को अमेरिका की भविष्य की योजनाओं को लेकर चिंता सता रही है, क्योंकि उसकी सेना को एशिया में बढ़ते सैन्य खतरे की आशंका है और उसके लिए उसे मिसाइल रक्षा प्रणाली की जरूरत है। मीडिया के सवाल के जवाब में पेंटागन के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने निश्चित हवाई रक्षा प्रणाली को हटाने की बात स्वीकार की है।

अगस्त के अंत में जो उपग्रह से ली गई तस्वीर देखी उसमें यह नजर आ रहा था कि कुछ पैट्रियट बैटरी इलाके से हटाई गई है। हालांकि गतिविधि और वाहन वहां देखे गए थे।

गरीबी की दहलीज पर पहुंच रहा अफगानिस्तान : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र की विकास एजेंसी ने कहा है कि अफगानिस्तान 'सार्वभौमिक गरीबी' की कगार पर खड़ा है। ऐसे में यदि स्थानीय समुदायों और उनकी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए तत्काल कदम नहीं उठाए गए तो अगले साल के मध्य में यह अनुमान हकीकत में तब्दील हो सकता है।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने 15 अगस्त को अफगानिस्तान पर तालिबान के काबिज होने के बाद चार परिदृश्यों को रेखांकित किया है। इनमें जून 2022 से शुरू होने वाले

- **अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत।**
- **एजेंसी ने कहा कि अफगानिस्तान पर तालिबान के नियंत्रण के बाद 20 साल में हासिल की गई आर्थिक प्रगति जोखिम में पड़ गई है।**

अगले वित्तीय वर्ष में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में 3.6 प्रतिशत से 13.2 प्रतिशत के बीच गिरावट होने का अनुमान शामिल है। हालांकि यह संकट की गंभीरता और इस बात पर निर्भर करेगा कि विश्व तालिबान से कितना संबंध रखता है।

अफगानिस्तान में अशरफ गनी की सरकार के पतन से पहले जीडीपी में 4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया जा रहा था, ऐसे में संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की यह भविष्यवाणी उस पहलू के विपरीत है। यूएनडीपी एशिया-प्रशांत की निदेशक कन्नी विगराज ने संवाददाता सम्मेलन में 28 पृष्ठों का आकलन जारी करते हुए कहा, अगले साल के मध्य तक अफगानिस्तान के सार्वभौगिक गरीबी के दुष्चक्र में फंसने की बहुत अधिक आशंका है। हम उसी ओर बढ़ रहे हैं। अफगानिस्तान में गरीबी दर 97-98 प्रतिशत तक पहुंचने की आशंका है। विगराज ने कहा कि फिलहाल गरीबी दर 72 प्रतिशत है। उन्होंने 2001 में अफगानिस्तान की सत्ता से तालिबान के बेदखल होने के बाद हुए विकास के विभिन्न पहलुओं को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि बीते 20 साल में प्रति व्यक्ति आय दोगुने से अधिक हो गई। जन्म के समय से जीवन प्रत्याशा नौ साल बढ़ी है। बच्चों के स्कूल जाने के वर्षों की संख्या छह से बढ़कर 10 वर्ष हो गई है और महिलाओं का विश्वविद्यालय जाना बढ़ा है। विगराज ने कहा, लेकिन अब अफगानिस्तान राजनीतिक अस्थिरता, विदेशी कोष पर रोक, सार्वजनिक वित्तीय प्रणाली के चरमराने और स्थानीय बैंकिंग व्यवस्था पर पड़े प्रभाव के कारण मानवीय व विकास त्रासदी का सामना कर रहा है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कोरोना का टीका लगवाने का रखें ध्यान, समझो सुरक्षित कर ली अपनी जान।

मध्यप्रदेश शासन | आज़ादी का अमृत महोत्सव

नये मेहमान के आने की आहट पर, करें स्वागत की तैयारी

- गर्भ धारण होने पर शीघ्र पंजीयन करवायें।
- ए.एन.सी. में आवश्यक जांचें सही समय पर करवायें - ऊँचाई, वजन, ब्लडप्रेशर, हीमोग्लोबिन, पेशाब की जाँच, HIV
- टिटनेस का टीका लगवायें।
- फोलिक एसिड/केल्शियम एवं आयरन फोलिक एसिड (आई.एफ.ए.) की गोलियों का नियमित सेवन करें।
- जांचों में जटिलता पाये जाने पर समुचित उपचार करवायें।
- प्रसव स्वास्थ्य संस्था में ही करवायें, जननी सुरक्षा योजना तथा मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना का लाभ पायें।
- योजना का लाभ लेने के लिये गर्भवती महिला अपना बैंक खाता नम्बर एवं समग्र आईडी साथ लेकर आये।

अस्पताल जाने एवं वापस घर आने हेतु नि:शुल्क जननी एक्सप्रेस उपलब्ध/108 वाहन उपलब्ध है

यह सुविधायें सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों/ ग्राम आरोग्य केन्द्रों पर नि:शुल्क उपलब्ध हैं।

M.P. Madhyam/102013/R-45976/2021

NATIONAL HEALTH MISSION राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।